वार्षिक रिपोर्ट

ANNUAL REPORT

2023-24

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

DEPOSIT INSURANCE
AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

(भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व वाली सहयोगी)

निदेशक मंडल की 62वीं वार्षिक रिपोर्ट

31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए तुलन-पत्र और लेखे

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

मिशन

लघु जमाकर्ताओं का विशेष ध्यान रखते हुए
निक्षेप बीमा के माध्यम से
बैंकिंग प्रणाली में जनता का विश्वास अर्जित करके
वित्तीय स्थिरता में सहयोग देना।

विज़न

एक सक्षम और प्रभावी जमा बीमा प्रदाता के रूप में
पहचान बनाना जो पणधारकों की आवश्यकताओं
के प्रति संवेदनशील हो।

विषय सूची

विवरण	**पृष्ठ सं.**
भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रेषित पत्र	i
भारत सरकार को प्रेषित पत्र	ii
निदेशक मंडल	iii
संगठन की संरचना	iv
निगम की संपर्क जानकारी	v
निगम के प्रमुख अधिकारी	vi
संक्षेपाक्षर	vii-viii
2023-24 एक नज़र में	ix
विशेषताएँ	x-xiv
1. डीआईसीजीसी का विहंगावलोकन	1-6
परिचय	1
इतिहास	1
संस्थागत कवरेज	1
बैंकों का पंजीकरण	2
बीमा कवरेज	2
सुरक्षा प्रदत्त जमा राशियों के प्रकार	2
बीमा प्रीमियम	2
पंजीकरण रद्द करना	3
बीमाकृत बैंकों का पर्यवेक्षण और निरीक्षण	3
दावों का निपटान	3
निपटाए गए दावों की वसूली	4
निधि, लेखे और कराधान	4
अनुबंध चार्ट 1	5
अनुबंध चार्ट 2	6
2. प्रबंधकीय चर्चा और विश्लेषण	7-20
परिचय	7
प्रबंधन नीति और कार्यनीति	8
संचार रणनीति और नीति	15
जमा बीमा में डेपटेक/फिनटेक	17
जमा बीमाकर्ताओं के लिए उभरते जोखिम- जलवायु परिवर्तन	18
आगे की राह	19

विषय सूची

3. निदेशक मंडल की रिपोर्ट 21-30

भाग I: परिचालन और कार्यपद्धति 21

निक्षेप बीमा योजना 21

निक्षेप बीमा निधि 22

निक्षेप बीमा दावों का निपटान 22

निपटाए गए दावे/प्राप्त चुकौतियाँ 23

कोर्ट मामले 24

ऋण गारंटी योजनाएं 24

भाग II: अन्य महत्वपूर्ण पहल/विकास 24

डीआईसीजीसी अधिनियम – वित्तीय सुरक्षा कवच 24

वसूली प्रबंधन से संबंधित उपाय 24

संचार नीति और रणनीति 25

जोखिम प्रबंधन 25

भाग III: लेखा विवरण 25

बीमा देयताएं 25

वर्ष के दौरान राजस्व 25

संचित अधिशेष 26

निवेश 26

कराधान 26

भाग IV: खजाना परिचालन 26

भाग V: संगठनात्मक मामले 27

निदेशक मंडल 27

निदेशकों का नामांकन/सेवानिवृत्ति 27

बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति 28

आंतरिक नियंत्रण 28

प्रशिक्षण और कौशल विकास 28

स्टाफ की संख्या 28

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 29

हिंदी का प्रयोग 29

निगम में शिकायत निवारण कक्ष 29

जन जागरुकता 29

अंतरराष्ट्रीय संबंध 30

विषय सूची

लेखा परीक्षक 30

परिशिष्ट सारणियाँ 31-60

1 निक्षेप बीमा योजना में शामिल बैंक – स्थापना के बाद से प्रगति 31

2ए बीमाकृत बैंक - बैंक समूह-वार 32

2बी बीमाकृत सहकारी बैंक - राज्यवार 32

3 2023-24 के दौरान पंजीकृत / विपंजीकृत बैंक 33

4 जमाराशि की सुरक्षा की सीमा: स्थापना के बाद से 34

5 बैंक समूह-वार: बीमाकृत जमाराशियाँ 35

6 2023-24 के दौरान निपटाए गए जमा बीमा दावे 36
(परिसमाप्त/विलय किए गए बैंक)

6ए 2023-24 के दौरान निपटाए गए जमा बीमा दावे 37
[सर्व समावेशी निदेशों (एआईडी) के तहत बैंक]

7 आकस्मिक देयता के अंतर्गत किया गया प्रावधान 38

7ए आकस्मिक देयता के अंतर्गत किया गया प्रावधान 38
एआईडी के तहत बैंक

8 निपटाए गए बीमा दावे तथा प्राप्त चुकौतियाँ - 31 मार्च 2024 39
तक परिसमापित / समामेलित / पुनर्निर्मित सभी बैंक

8ए बीमा दावों का निपटारा और प्राप्त चुकौती 57
सर्व समावेशी निर्देशों (एआईडी) के तहत रखे गए बैंक, 31 मार्च 2024 तक

8बी त्वरित निपटान योजना के तहत निपटाए गए बीमा दावे 60
31 मार्च 2024 तक

4. लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट 61-63

5. तुलन पत्र और लेखे 64-79

विषय सूची

बॉक्स	पृष्ठ सं.
बॉक्स 1 अ-बीमाकृत जमाराशियों का अध्ययन: वित्तीय स्थिरता पर प्रभाव	11
बॉक्स 2 जमा बीमा पर लक्षित जागरूकता अभियान के लिए नया दृष्टिकोण	17
बॉक्स 3 जलवायु जोखिम और जमा बीमा	19

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION
Since 1961 भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व वाली सहयोगी (Wholly owned subsidiary of the Reserve Bank of India)
www.dicgc.org.in

केंका.डीआईसीजी.सवि.सं.S 681 /01.01.016/2024-25 27 जून, 2024

प्रेषण पत्र
(भारतीय रिज़र्व बैंक को)

मुख्य महाप्रबंधक एवं सचिव
सचिव विभाग
भारतीय रिज़र्व बैंक
केंद्रीय कार्यालय
केंद्रीय कार्यालय भवन
शहीद भगत सिंह मार्ग
मुंबई – 400 001

महोदय,

31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए निगम का तुलन-पत्र, लेखे तथा निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में, निदेशक मंडल द्वारा मुझे निदेशित हुआ है कि मैं निम्नलिखित दस्तावेजों की एक-एक हस्ताक्षरित प्रतिलिपि अग्रेषित करूं:

(i) 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट सहित निगम का तुलन-पत्र तथा लेखे, और
(ii) 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक मंडल की रिपोर्ट।

2. उपर्युक्त (i) और (ii) में उल्लिखित दस्तावेज निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के अंतर्गत यथा अपेक्षित भारत सरकार को प्रस्तुत किए गए हैं।

3. निगम की वार्षिक रिपोर्ट की मुद्रित प्रतियां यथासमय आपको भेजी जाएंगी।

भवदीय,

(एन. अरुण विष्णु कुमार)
निदेशक

अनु.: यथोक्त

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION
Since 1961 भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व वाली सहयोगी (Wholly owned subsidiary of the Reserve Bank of India)
www.dicgc.org.in

केंका.डीआईसीजी.सवि.सं.S679/01.01.016/2024-25 20 जून, 2024

प्रेषण पत्र
(भारत सरकार को)

सचिव, भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएँ विभाग
जीवनदीप भवन
संसद मार्ग
नई दिल्ली - 110 001

महोदय,

31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए निगम का तुलन-पत्र, लेखे तथा निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में, निदेशक मंडल द्वारा मुझे निदेशित हुआ है कि मैं निम्नलिखित दस्तावेजों की एक-एक हस्ताक्षरित प्रतिलिपि अग्रेषित करूं:

(i) 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट सहित निगम का तुलन-पत्र तथा लेखे, और
(ii) 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक मंडल की रिपोर्ट।

इसकी तीन प्रतियां भी संलग्न हैं।

2. उपर्युक्त (i) और (ii) में उल्लिखित सामग्री की प्रतियां (अर्थात, तुलन-पत्र, लेखे और निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट) भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की गई हैं।

3. हमें कृपया यह सूचित किया जाए कि उपरोक्त दस्तावेज पूर्वोक्त अधिनियम की धारा 32(2) के अधीन संसद के प्रत्येक सदन (अर्थात लोक सभा और राज्य सभा) के समक्ष किस तिथि/तिथियों को रखे गए हैं। निगम की वार्षिक रिपोर्ट की मुद्रित प्रतियां आपको यथासमय प्रेषित की जाएंगी।

भवदीय,

(एन. अरुण विष्णु कुमार)
निदेशक

अनु.: यथोक्त

निदेशक मण्डल*

अध्यक्ष **डॉ. एम. डी. पात्र** **उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(ए) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित (31 मार्च 2020 से)
निदेशक **डॉ. दीपक कुमार** **कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(बी) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित (4 जनवरी 2022 से 30 अप्रैल 2024 तक)
श्री आर. लक्ष्मीकांत राव **कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(बी) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित (10 मई 2024 से 30 जून 2024 तक)
श्री अर्णब कुमार चौधरी **कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(बी) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित (01 जुलाई 2024 से)
श्री पंकज शर्मा **संयुक्त सचिव** **वित्त मंत्रालय** **वित्तीय सेवाएं विभाग** **भारत सरकार**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(सी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (1 अप्रैल 2022 से)
श्री शाजी के. वी. **अध्यक्ष** **राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(डी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (15 फरवरी 2023 से)
डॉ. तरुण अग्रवाल	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(डी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (10 जुलाई 2024 से)
प्रो. पार्थ रे **निदेशक** **राष्ट्रीय बैंक प्रबंध संस्थान**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(ई) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (10 जुलाई 2024 से)

* 10 जुलाई 2024

संगठन की संरचना


अध्यक्ष (निदेशक मंडल)
लेखापरीक्षा समिति
सांविधिक लेखा परीक्षक
कार्यपालक निदेशक
मुख्य महाप्रबंधक
जोखिम प्रबंधन समिति
महाप्रबंधक
•सचिव विभाग;
•सीपीआईओ;
•लेखा और कराधान विभाग
निदेशक (ई)
अनुसंधान, नीति और सूचना कक्ष;
एसीपीआईओ;
आईएडीआई और बाहरी संबंध
महाप्रबंधक
वसूली प्रबंधन कक्ष;
विधि कक्ष
महाप्रबंधक
मानव संसाधन प्रबंध विभाग;
लेखा परीक्षा बजट समन्वयन कक्ष एवं समाधान;
ट्रेजरी फ्रंट ऑफिस
उप महाप्रबंधक
दावा निपटान विभाग;
संचार कक्ष
उप महाप्रबंधक
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग;
ट्रेजरी बैक ऑफिस;
परियोजना प्रबंधन कक्ष
उप महाप्रबंधक
बीमा परिचालन विभाग;
जोखिम कक्ष प्रबंधन
निदेशक (डी)
सूचना प्रबंधन और डेटा एनालिटिक्स कक्ष
उप महाप्रबंधक
शिकायत निवारण कक्ष;
राजभाषा

निगम की संपर्क जानकारी*

टेलीफोन

022-2302 8237	बीमा परिचालन विभाग
022-2302 8233	दावा निपटान विभाग
022-2306 8223	वसूली प्रबंधन कक्ष
022-2301 1991	सचिव विभाग और आरटीआई कक्ष

प्रधान कार्यालय निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
भारतीय रिज़र्व बैंक भवन, 2रा तल, मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के सामने, भायखला,
मुंबई – 400 008. भारत

मुख्य महाप्रबंधक	anupkumar@rbi.org.in	022-2302 8220
महाप्रबंधक	sathishkumar@rbi.org.in	022-2302 8226
निदेशक	arunvishnukumar@rbi.org.in	022-2301 9792
महाप्रबंधक	rkrajkumar@rbi.org.in	022-2302 8209
महाप्रबंधक	mysorte@rbi.org.in	022-2302 8201
उप महाप्रबंधक	pawanjeetkaur@rbi.org.in	022-2302 8206
उप महाप्रबंधक	sangita@rbi.org.in	022-2302 8205
उप महाप्रबंधक	sunurajan@rbi.org.in	022-2302 8508
निदेशक (डी)	msadki@rbi.org.in	022-2302 8224
उप महाप्रबंधक	sroychowdhury@rbi.org.in	022-2302 8219

ईमेल : dicgc@rbi.org.in
वेबसाइट : www.dicgc.org.in

*10 जुलाई 2024 के अनुसार

निगम के प्रमुख अधिकारी*

कार्यपालक निदेशक

श्री अर्णब कुमार चौधरी

मुख्य महाप्रबंधक

श्री अनूप कुमार

सचिव और केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी

श्री एस. सतीश कुमार, महाप्रबंधक

महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक, और निदेशक

श्री एन. अरुण विष्णु कुमार (निदेशक 'ई')

श्री राज कुमार (महाप्रबंधक)

श्री मंगेश वाई सोरते (महाप्रबंधक)

श्रीमती पवनजीत कौर ऋषि (उप महाप्रबंधक)

श्रीमती संगीता ई (उप महाप्रबंधक)

श्री सुनू राजन (उप महाप्रबंधक)

श्री मधुसूदन एस अडकी (निदेशक 'डी')

श्री शुभाशिस रॉयचौधुरी (उप महाप्रबंधक)

बैंकर्स

भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई

लेखापरीक्षक

मैसर्स जैन चौधरी एंड कं.
चार्टर्ड एकाउंटेंट
104, मॉडल रेजीडेंसी,
बी. जे. मार्ग, जैकब सर्कल,
महालक्ष्मी, मुंबई-40000, भारत

* 10 जुलाई 2024 के अनुसार

संक्षेपाक्षर

एई	:	विकसित अर्थव्यवस्थाएं
एएफएस	:	बिक्री के लिए उपलब्ध
एआईडी	:	सर्व समावेशी निदेश
एएलएम	:	आस्ति देयता प्रबंधन
एपीआरसी	:	एशिया प्रशांत क्षेत्रीय समिति
एएस	:	लेखांकन मानक
बीसीबीएस	:	बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बासेल समिति
सीए	:	चार्टर्ड अकाउंटेंट
सीएएपी	:	कंप्यूटर सहायता प्राप्त लेखापरीक्षा कार्यक्रम
सीएएसबीआई	:	सीसीआईएल अखिल भारतीय सॉवरेन बांड सूचकांक
सीसीआईएल	:	क्लियरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
सीईएसटीएटी	:	सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय न्यायाधिकरण
सीजीसीआई	:	क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
सीजीएफ	:	ऋण गारंटी निधि
सीजीएस	:	ऋण गारंटी योजना
सीआईसी	:	मुख्य सूचना आयोग
सीआईएसओ	:	मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी
सीपी	:	मूल सिद्धांत
सीआरसीएस	:	सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार
सीएसएए	:	नियंत्रण स्व-मूल्यांकन लेखापरीक्षा
डीआई	:	जमा बीमा
डीआइए	:	जमा बीमा एजेंसी
डीआईसी	:	जमा बीमा निगम
डीआईसीजीसी	:	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
डीआईएफ	:	निक्षेप बीमा निधि
डीआईएस	:	जमा बीमा प्रणाली
डीआर	:	आपदा बहाली
ईएडी	:	डिफ़ॉल्ट पर एक्सपोज़र
ईसी	:	अनिवार्य मानदंड
ईडी	:	कार्यपालक निदेशक
ईकेपी	:	एंटरप्राइज नॉलेज पोर्टल
ईएमई	:	उभरती बाज़ार अर्थव्यवस्थाएँ
ईआरएम	:	उद्यम-व्यापी जोखिम प्रबंधन
एफआईएमएमडीए	:	फिक्स्ड इनकम मनी मार्केट एंड डेरिवेटिव्स एसोसिएशन
एफआरएन	:	फर्म पंजीकरण संख्या
एफवाई	:	वित्तीय वर्ष
जीएएपी	:	आम तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांत
जीडीपी	:	सकल घरेलू उत्पाद
जीएफ	:	सामान्य निधि
जीएनपीए	:	सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियाँ
जीओआई	:	भारत सरकार
जीएस/जी-सेक	:	सरकारी प्रतिभूतियां
जीएसटी	:	वस्तु एवं सेवा कर
एचवाई	:	छमाही
आईएडीआई	:	जमा बीमाकर्ताओं का अंतर्राष्ट्रीय संघ
आईसीएआई	:	इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया

संक्षेपाक्षर

आईडीएल	:	अंतर्दिवसीय चलनिधि
आईएफआर	:	निवेश उच्चावचन रिज़र्व
आईएफआरएस	:	अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय रिर्पोटिंग मानक
आईएमएफ़	:	अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
आईआरए	:	निवेश आरक्षित खाता
आईटी	:	सूचना प्रौद्योगिकी
केवाईसी	:	अपने ग्राहक को जानो
एलएबी	:	स्थानीय क्षेत्र के बैंक
एलएआर	:	तरलता पर्याप्तता अनुपात
एलसीआर	:	तरलता कवरेज अनुपात
एलजीडी	:	चूकने से हुआ घाटा
एमआईएस	:	प्रबंधन सूचना प्रणाली
एमपीसी	:	मौद्रिक नीति समिति
एमटीएम	:	मार्क टू मार्केट
एमवीबी	:	शुरुआत में बाजार मूल्य
एमवीई	:	अंत में बाजार मूल्य
नाबार्ड	:	राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक
एनएसीएच	:	राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह
एनडीएस-ओएम	:	निगोशिएटेड डीलिंग सिस्टम - ऑर्डर मिलान सिस्टम
एनएनपीए	:	शुद्ध गैर-निष्पादित परिसंपत्तियाँ
एनएसओ	:	राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय
ओईसीडी	:	आर्थिक सहयोगिता और विकास के लिए संगठन
ओटीसी	:	ओवर द काउंटर
पीबी	:	भुगतान बैंक
पीडी	:	डिफ़ॉल्ट की संभावना
पीएमसीबीएल	:	पंजाब और महाराष्ट्र सहकारी बैंक लिमिटेड
क्यूसीसीपी	:	योग्य केंद्रीय प्रतिपक्ष
क्यूआर	:	त्वरित प्रतिक्रिया
आरबीआई	:	भारतीय रिज़र्व बैंक
आरबीआईए	:	जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा
आरसीएस	:	सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार
आरआर	:	आरक्षित अनुपात
आरआरबी	:	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
आरटीआई	:	सूचना का अधिकार
एससी	:	अनुसूचित जाति
एसएफबी	:	लघु वित्त बैंक
एसएलजीएस	:	लघु ऋण गारंटी योजना
एसओपी	:	मानक संचालन प्रक्रिया
एसटी	:	अनुसूचित जनजाति
टैफकब	:	सहकारी शहरी बैंकों पर टास्क फोर्स
टीएमओ	:	ट्रेजरी मिड ऑफिस
टीडब्ल्यूआर	:	कुल भारित रिटर्न
यूडीआईएन	:	विशिष्ट दस्तावेज़ पहचान संख्या
यूएसए/यूएस	:	संयुक्त राज्य अमेरिका
यूटी	:	संघ राज्य क्षेत्र
वीएआर	:	वैल्यू एट रिस्क

2023-24 एक नज़र में

62 वर्ष – जमा बीमा के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली में लोगों का भरोसा बनाए रखने के

1,997 पंजीकृत बीमाकृत बैंक (मार्च 2024 के अंत तक)

₹ 1,98,753 करोड़ निक्षेप बीमा निधि (मार्च 2024 के अंत तक)

2.11% आरक्षित अनुपात (मार्च 2024 के अंत तक)

97.8% पूर्णत: संरक्षित जमा खाते (मार्च 2024 के अंत तक)

43.1% संरक्षित जमा राशियाँ (मार्च 2024 के अंत तक)

₹ 23,879 करोड़ एकत्रित प्रीमियम

₹ 1,432 करोड़ 2023-24 में निपटाए गए दावे (परिसमाप्त और एआईडी के तहत बैंकों के लिए)

₹ 5,359 करोड़ अब तक सर्व समावेशी निदेशों के तहत बैंकों के 3,76,661 जमाकर्ताओं को किया गया अन्तरिम भुगतान

₹ 901 करोड़ निपटाए गए दावों से वसूली

विशेषताएं-I: निक्षेप बीमा एक नज़र में

(राशि ₹ करोड़ में)

वर्ष के अंत में	2019-2020	2020-21	2021-22	2022-23	(अ) 2023-24
1 पूंजी *	50	50	50	50	50
2 निक्षेप बीमा					
(i) निक्षेप बीमा निधि	1,10,384	1,29,904	1,46,842	1,69,602	1,98,753
	(17.74)	(17.68)	(13.04)	(15.50)	(17.19)
(ii) बीमाकृत बैंक (वास्तविक संख्या)	2,067	2,058	2,040	2,026	1,997
(iii) निर्धारणीय जमाराशियाँ	1,34,88,910	1,49,67,770	1,65,49,630	1,94,58,915	2,18,23,481
	(12.36)	(10.96)	(10.57)	(17.6)	(12.15)
(iv) बीमाकृत जमाराशियाँ[@]	#36,96,100 (9.68)	76,21,251 (10.91)	81,10,431 (6.42)	86,31,259 (6.42)	94,10,674 (9.03)
(v) बीमित खातों की कुल संख्या (करोड़ में)	235.00	252.63	262.19	276.3	289.8
	(8.10)	(7.50)	(3.78)	(5.38)	(4.87)
(vi) पूर्णत: संरक्षित खातों की संख्या (करोड़ में)	#216.10 (8.05)	247.80 (7.27)	256.67 (3.58)	270.5 (5.38)	283.3 (4.74)
(vii) योजना के प्रारम्भ से प्रदत्त दावे[^]	5,199	5,763	14,278	15,031	16,326

अ – अनंतिम

* निगम की सामान्य निधि के अंतर्गत।

@ 4 फरवरी, 2020 से जमा बीमा कवर ₹1 लाख से बढ़ाकर ₹5 लाख कर दिया गया।

वर्ष 2019-20 के लिए, ₹5 लाख के जमा बीमा कवर के लिए बीमित जमा और पूरी तरह से संरक्षित खातों की संख्या क्रमश: ₹68,71,500 करोड़ और 231 करोड़ होने का अनुमान है।

^ रिज़र्व बैंक द्वारा ''सर्व समावेशी निदेशों'' के तहत रखे गए बैंकों के दावों में 2021-22 से आगे परिसमाप्त बैंकों के दावे भी शामिल हैं।.

टिप्पणी:

1) कोष्ठक में दिए गए आंकड़े वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर का प्रतिशत हैं।

2) 2 (iii) से 2 (vi) तक की मदों पर वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2021-22 तक के आकड़ें 30 सितंबर (पिछले छमाही) के अनुसार है, हालांकि, वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 के लिए यही आकड़ें मार्च 31 के अनुसार हैं।

स्रोत: जमा बीमा (डीआई) रिटर्न, डीआईसीजीसी

परिचालनात्मक विशेषताएं-II: निक्षेप बीमा

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
राजस्व विवरण					
प्रीमियम आय	13,234	17,517	19,491	21,381	23,879
	(9.89)	(32.36)	(11.27)	(9.70)	(11.68)
निवेश आय	8,532	9,650	10,496	11,908	13,947
	(17.76)	(13.10)	(8.77)	(13.45)	(17.12)
निवल दावे	54	993	8,121	730	1,586
कर पूर्व राजस्व अधिशेष	15,486	26,555	20,566	33,391	34,278
कर के बाद राजस्व अधिशेष	10,302	19,332	15,239	24,559	24,438
तुलन पत्र					
निधि शेष (बीमांकिक)	12,087	12,275	13,974	12,174	16,887
निधि अधिशेष	98,297	1,17,629	1,32,868	1,57,427	1,81,866
दावों संबंधी बकाया देयताएं	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
निष्पादन मैट्रिक्स					
1ए. परिसमाप्त बैंकों के लिए दावे की प्राप्ति और दावा निपटान के बीच दिनों की औसत संख्या@	11	7	3	-	14
1बी. एआईडी के तहत बैंकों के लिए दावे की प्राप्ति और दावा निपटान के बीच दिनों की संख्या			45	45	45
2. बैंक का पंजीकरण रद्द करने और दावा निपटान (प्रथम दावा) के बीच दिनों की औसत संख्या@	508	500	184	-	466
3. कुल प्रीमियम आय के प्रतिशत के रूप में परिचालनगत लागत	0.29	0.20	0.14	0.16	0.18
(इसमें से: कुल प्रीमियम आय के प्रतिशत के रूप में कर्मचारी लागत)	0.10	0.10	0.06	0.08	0.09

@ निगम द्वारा दावों का निपटान परिसमापक (सहकारी समितियों के संबंधित राज्य रजिस्ट्रार द्वारा नियुक्त) से जमाकर्ता सूची प्राप्त होने पर निर्भर करता है। निगम ने परिसमापक से जमाकर्ता सूची प्राप्त होने के 14 दिनों (औसत) के भीतर दावों का निपटान कर दिया है।

डीआईसीजीसी ने वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान परिसमापन के तहत बैंकों के लिए मुख्य दावे का निपटान नहीं किया है। तथापि, सर्व समावेशी निदेशों (एआईडी) के तहत बैंकों के संबंध में, विभाग ने डीआईसीजीसी द्वारा भुगतान के लिए उत्तरदायी होने और भुगतान की वास्तविक तारीख अर्थात 90 दिनों से अधिक न होने के बीच सांविधिक समय-सीमा का पालन किया है।

टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर का प्रतिशत हैं।

स्रोत: जमा बीमा (डीआई) रिटर्न, डीआईसीजीसी

विशेषताएँ - III



टिप्पणी: 2020-11 के लिए आंकड़े रिपोर्टिंग के नए फॉर्मेट के अनुसार हैं।

स्रोत: जमा बीमा (डीआई) रिटर्न, डीआईसीजीसी

विशेषताएँ - IV



टिप्पणी: 2009-10 से आंकड़े रिपोर्टिंग के नए फॉर्मेट के अनुसार हैं।

स्रोत: जमा बीमा (डीआई) रिटर्न, डीआईसीजीसी

विशेषताएँ - V

बीमाकृत बैंकों की जमाराशि की तुलना में बीमा कवरेज का विस्तार
(31 मार्च 2024)



टिप्पणी:

1. आंकड़े रिपोर्टिंग के नए फॉर्मेट के अनुसार हैं।
2. ₹ 5 लाख जमा बीमा कवर से संबंधित आकड़े ₹ 94,10,674 करोड़ हैं।

स्रोत: जमा बीमा (डीआई) रिटर्न, डीआईसीजीसी

विशेषताएं - VI



स्रोत: डीआईसीजीसी

विशेषताएं - VII



स्रोत: डीआईसीजीसी

1. डीआईसीजीसी का विहंगावलोकन

1. परिचय

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) के कार्य, डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 और *उक्त अधिनियम की धारा 50(3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तैयार की गई* निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम सामान्य विनियमावली, 1961 के प्रावधानों के जरिए शासित है। चूँकि कोई भी ऋण संस्था निगम द्वारा संचालित किसी भी ऋण गारंटी योजना में भाग नहीं ले रही थी, अत: अप्रैल 2003 में इस योजना का संचालन बंद कर दिया गया और निक्षेप बीमा ही निगम का प्रधान कार्य है।

2. इतिहास

बंगाल में बैंकिंग संकट उत्पन्न होने के उपरांत वर्ष 1948 में पहली बार बैंकों में रखी गई जमा राशियों का बीमा करने का विचार सामने आया। इसके बाद वर्ष 1949 में यह मामला पुन: विचार हेतु प्रस्तुत हुआ परंतु रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों के निरीक्षण की पर्याप्त व्यवस्था किए जाने तक इस मामले को स्थगित रखा गया। तदुपरांत वर्ष 1950 में ग्रामीण बैंकिंग जाँच समिति ने इस धारणा का समर्थन किया। वर्ष 1960 में पलाइ सेंट्रल बैंक लि. तथा लक्ष्मी बैंक लि. के विफल होने के उपरांत भारतीय रिज़र्व बैंक तथा भारत सरकार द्वारा जमाराशियों की बीमा के संबंध में नए सिरे से ध्यान दिया गया। तद्नुसार, निक्षेप बीमा अधिनियम, 1961 दिनांक 1 जनवरी 1962 से प्रभावी हुआ।

प्रारंभ में, निक्षेप बीमा योजना कार्यरत सभी वाणिज्यिक बैंकों को प्रदान की गई। इसके अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक तथा इसकी सहायक संस्थाएं, अन्य वाणिज्यिक बैंक तथा भारत में परिचालित विदेशी बैंकों की शाखाएं शामिल थीं। निक्षेप बीमा निगम (संशोधन) अधिनियम, 1968 अधिनियमित किए जाने के बाद निक्षेप बीमा का विस्तार सहकारी बैंकों तक भी किया गया। तदनुसार, निगम से यह अपेक्षा की गई कि वह डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 13ए के प्रावधानों के अंतर्गत ''पात्र सहकारी बैंकों'' का बीमाकृत बैंकों के रूप में पंजीकरण करे।

रिज़र्व बैंक से परामर्श करते हुए भारत सरकार ने जुलाई 1960 में ऋण गारंटी योजना प्रारंभ की। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 17(11ए)(ए) के अंतर्गत रिज़र्व बैंक को इस योजना के प्रशासन का कार्य सौंपा गया और इसे ऋण गारंटी संस्थान का नाम दिया गया जिसे बैंकों और अन्य ऋण संस्थाओं द्वारा लघु उद्योगों को प्रदान किए गए अग्रिमों के लिए गारंटी प्रदान करना था। रिज़र्व बैंक ने इस योजना को 31 मार्च 1981 तक परिचालित किया।

रिज़र्व बैंक ने 14 जनवरी 1971 को एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी को प्रोन्नत किया जिसका नाम क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. (सीजीसीआई) था। क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. द्वारा प्रारंभ की गई ऋण गारंटी योजना का उद्देश्य वाणिज्यिक बैंकों को अब तक उपेक्षित विशेष रूप से गैर-औद्योगिक गतिविधियों में लगे समाज के कमजोर वर्ग की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ऋण संस्थाओं द्वारा भारिबैं द्वारा पारिभाषित प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के अंतर्गत सम्मिलित छोटे और जरूरतमंद उधारकर्ताओं को स्वीकृत किए गए ऋणों और अग्रिमों के लिए गारंटी कवर उपलब्ध कराने के माध्यम से प्रोत्साहित करना था।

निक्षेप बीमा और ऋण गारंटी के कार्यों को एकीकृत करने के उद्देश्य से दोनों संस्थाओं अर्थात निक्षेप बीमा निगम (डीआईसी) और क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीजीसीआई) को मिला दिया गया और इस प्रकार 15 जुलाई 1978 को डीआईसीजीसी अस्तित्व में आया। निक्षेप बीमा अधिनियम, 1961 को पूर्ण रूप से संशोधित किया गया और पुन: इसे 'निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961' का नाम दिया गया।

भारत सरकार की ऋण गारंटी योजना के निरस्त हो जाने के बाद, 1 अप्रैल 1981 से निगम ने छोटे लघु उद्योगों को स्वीकृत ऋण के लिए गारंटीकृत सपोर्ट प्रदान करना प्रारंभ किया। 1 अप्रैल 1989 से पूरे प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के अग्रिमों तक गारंटी कवर का विस्तार किया गया। तदनुसार, ऋण गारंटी योजना को अप्रैल 2003 से बंद कर दिया गया।

3. संस्थागत कवरेज

भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों की शाखाओं सहित सभी वाणिज्यिक बैंक, लघु वित्त बैंक (एसएफबी), भुगतान बैंक (पीबी), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी), और स्थानीय क्षेत्र के बैंक (एलएबी) निक्षेप बीमा योजना के अंतर्गत शामिल हैं।

इसके अलावा, डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 2(जीजी) के तहत परिभाषित सभी पात्र सहकारी बैंक जमा बीमा योजना के तहत कवर किए गए हैं। इनमें भारत में कार्यरत सभी राज्य, जिला केंद्रीय और प्राथमिक सहकारी बैंक शामिल हैं। राज्यों/संघ राज्य

क्षेत्रों (यूटी) ने डीआईसीजीसी अधिनियम के अंतर्गत यथा अपेक्षित अपने सहकारी समिति अधिनियम में संशोधन किया है। यह संशोधन भारतीय रिज़र्व बैंक को सहकारी बैंक की प्रबंधन समिति को भंग करने का अधिकार देता है और यह अपेक्षा करता है कि सहकारी बैंक के समापन, समामेलन या पुनर्निर्माण के लिए कोई भी कार्रवाई केवल आरबीआई की लिखित पूर्व मंजूरी के साथ की जा सकती है। वर्तमान में, सभी सहकारी बैंक इस योजना के अंतर्गत शामिल हैं। तीन संघशासित क्षेत्रों अर्थात लक्षद्वीप, दमण एवं दीव और दादरा एवं नगर हवेली और लद्दाख में कोई भी बीमाकृत/पंजीकृत सहकारी बैंक नहीं है।

4. बैंकों का पंजीकरण

डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 11 के अंतर्गत सभी नए वाणिज्यिक बैंकों से अपेक्षित है कि वे बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 के अंतर्गत रिज़र्व बैंक द्वारा लाइसेंस जारी करने के तुरंत बाद निगम में पंजीकरण कराएं। डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 11ए के अंतर्गत सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से अपेक्षित है कि वे अपनी स्थापना की तारीख से 30 दिनों के अंदर निगम में पंजीकरण कराएं।

सभी सहकारी बैंकों से अपेक्षित है कि वे रिज़र्व बैंक द्वारा लाइसेंस जारी करने के तुरंत बाद निगम में पंजीकरण कराएं। डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 13 (ए) के अंतर्गत प्राथमिक क्रेडिट समिति के प्राथमिक सहकारी बैंक बन जाने के बाद लाइसेंस के लिए किए गए आवेदन से तीन माह के भीतर निगम उसका पंजीकरण करेगा।

निक्षेप बीमा निगम (संशोधन) अधिनियम, 1968 के लागू होने के बाद सहकारी बैंक के रूप में कारोबार कर रहे किसी अन्य सहकारी समिति के विभाजन अथवा बैंकिंग विधि (सहकारी समितियों पर प्रयोज्य) अधिनियम, 1965 के प्रारंभ के समय से या इसके बाद से बैंकिंग कारोबार करने वाले दो या अधिक सहकारी समितियों के समामेलन से अस्तित्व में आए सहकारी बैंक को लाइसेंस के लिए आवेदन की गई तारीख से तीन महीनों के अंदर पंजीकरण कराना है। तथापि, ऐसे किसी सहकारी बैंक का पंजीकरण नहीं किया जाएगा जिसके संबंध में रिज़र्व बैंक द्वारा यह सूचित किया गया हो कि उसे लाइसेंस नहीं दिया जा सकता है।

डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 14 के अनुसार निगम द्वारा किसी बैंक का बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकरण करने के बाद उससे अपेक्षित है कि वह 30 दिनों के अंदर बैंक को सूचित करे कि उसे बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकृत किया गया है। सूचना पत्र में पंजीकरण सूचना और पंजीकरण संख्या के अलावा बैंक द्वारा अनुपालन की जाने वाली अपेक्षाओं अर्थात्, निगम को देय प्रीमियम दर, प्रीमियम अदा करने की पद्धति और निगम को प्रस्तुत की जाने वाली विवरणियों का ब्यौरा दिया जाता है।

5. बीमा कवरेज

डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 16(1) के प्रावधानों के अंतर्गत बीमा सुरक्षा प्रति जमाकर्ता, उसके द्वारा बैंक की सभी शाखाओं में रखी गई जमाराशि को मिलाकर ''समान क्षमता और समान अधिकार'' में मूलत: ₹1500/- तक सीमित रखी गई थी। तथापि, अधिनियम निगम को यह अधिकार देता है कि वह केंद्र सरकार के पूर्वानुमोदन से इस सीमा को बढ़ा सकता है। तदनुसार, बीमा सीमा को समय-समय पर बढ़ाया गया है (तालिका 1)।

तालिका 1: जमा बीमा कवरेज

प्रभावी तिथि	बीमा सीमा
4 फरवरी 2020	₹5,00,000/-
1 मई 1993	₹1,00,000/-
1 जुलाई 1980	₹30,000/-
1 जनवरी 1976	₹20,000/-
1 अप्रैल 1970	₹10,000/-
1 जनवरी 1968	₹5,000/-
1 जनवरी 1962	₹1,500/-

स्रोत: डीआईसीजीसी

6. सुरक्षा प्रदत्त जमाराशियों के प्रकार

निगम (i) विदेशी सरकारों की जमाराशियों; (ii) केंद्र / राज्य सरकारों की जमाराशियों; (iii) अंतर-बैंक जमाराशियों; (iv) भारत के बाहर प्राप्त जमाराशियों तथा (v) रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन से निगम द्वारा विशेष रूप से छूट प्राप्त जमा राशियों को छोड़कर सभी बैंक जमाराशियों का बीमा करता है।

7. बीमा प्रीमियम

निक्षेप बीमा प्रणाली के संचालन हेतु निगम बीमाकृत बैंकों से बीमा प्रीमियम एकत्रित करता है (तालिका 2)। बीमाकृत बैंकों द्वारा अदा किए जाने वाले बीमा प्रीमियम का परिकलन उनकी निर्धारणीय जमाराशियों के आधार पर किया जाता है। बीमाकृत बैंक निगम को अग्रिम प्रीमियम अर्ध-वार्षिक आधार पर पिछले अर्ध-वर्ष (छमाही) के अंत की जमाराशियों की स्थिति के अनुसार प्रत्येक वित्तीय छमाही के प्रारंभ से दो महीनों के भीतर भुगतान करते हैं। बीमित बैंकों द्वारा निगम को प्रदत्त प्रीमियम के संबंध में बैंकों से अपेक्षित है कि इसे वे स्वयं वहन करें न कि जमाकर्ताओं पर डालें।

तालिका 2: बीमा प्रीमियम दरें (₹100 की जमाराशि के प्रतिशत के अनुसार)

तारीख से	प्रीमियम (₹ में)
1 अप्रैल 2020	0.12
1 अप्रैल 2005	0.10
1 अप्रैल 2004	0.08
1 जुलाई 1993	0.05
1 अक्तूबर 1971	0.04
1 जनवरी 1962	0.05

स्रोत: डीआईसीजीसी

प्रीमियम भुगतान में विलंब के लिए बीमाकृत बैंक संबंधित छमाही से भुगतान की तारीख तक चूक की राशि पर बैंक दर से 8 प्रतिशत अधिक की दर पर ब्याज का भुगतान करने के लिए बाध्य है। अगस्त 2021 में किए गए डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 15 (1) में संशोधन के अनुसार, डीआईसीजीसी अपनी वित्तीय स्थिति और देश में समग्र बैंकिंग क्षेत्र के हितों को देखते हुए, रिज़र्व बैंक की पूर्वानुमति से बीमा प्रीमियम पर प्रति ₹100 की जमा राशि पर 15 पैसे की सीमा बढ़ा सकता है।

8. पंजीकरण रद्द करना

डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 15ए के अंतर्गत निगम को लगातार तीन छमाहियों के लिए प्रीमियम अदा न करने वाले बीमाकृत बैंकों का पंजीकरण रद्द करने का अधिकार है। तथापि, यदि विपंजीकृत बैंक द्वारा इस हेतु अनुरोध किया जाता है और वह चूक की तारीख से प्रीमियम के रूप में देय संपूर्ण राशि ब्याज सहित अदा कर देता है तो निगम द्वारा उसका पंजीकरण फिर से बहाल किया जा सकता है परंतु शर्त यह है कि वह बैंक अन्यथा रूप से बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकरण हेतु पात्र हो।

किसी बीमाकृत बैंक का पंजीकरण निम्न परिस्थितियों में रद्द किया जा सकता है:- (i) नई जमाराशियाँ स्वीकार करने से उसे प्रतिबंधित किया गया हो; (ii) रिज़र्व बैंक द्वारा इसका लाइसेंस रद्द अथवा लाइसेंस देने के लिए मना कर दिया गया हो; (iii) स्वैच्छिक रूप से अथवा अनिवार्यत: उसका समापन कर दिया गया हो अथवा बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 36ए(2) के अर्थों में अब वह बैंकिंग कंपनी या सहकारी बैंक नहीं रह गया हो; और इसने अपनी सारी जमा देयताओं को किसी अन्य संस्था को अंतरित कर दिया हो अथवा इसे किसी अन्य बैंक के साथ समामेलित कर दिया गया हो अथवा किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा कोई समझौता या व्यवस्था या पुनर्निर्माण योजना स्वीकृत की गई हो और यह योजना नई जमाराशियाँ स्वीकार करने की अनुमति न देती हो। किसी सहकारी बैंक के संबंध में यदि उसने पात्र सहकारी बैंक के रूप में कार्य करना बंद कर दिया हो तो इसका पंजीकरण रद्द हो जाता है।

प्रीमियम भुगतान करने में हुई चूक को छोड़कर अन्य कारण से किसी बैंक का पंजीकरण रद्द किए जाने की स्थिति में रद्द करने की तारीख तक बैंक की जमाराशियों को बीमा सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

9. बीमाकृत बैंकों का पर्यवेक्षण और निरीक्षण

डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 35 के अनुसार, निगम के पास किसी बीमाकृत बैंक के अभिलेखों को आसानी से प्राप्त करने और इनकी प्रतिलिपियाँ माँगने का अधिकार होगा। इसके अतिरिक्त, इस अधिनियम की धारा 36 के अनुसार, निगम के अनुरोध पर रिज़र्व बैंक से अपेक्षित है कि वह किसी बीमाकृत बैंक का निरीक्षण/जाँच पड़ताल करे/करवाए।

10. दावों का निपटान

किसी बीमाकृत बैंक के समापन या परिसमापन की स्थिति में पंजीकरण रद्द करने की तारीख (अर्थात् लाइसेंस रद्द करने अथवा समापन या परिसमापन आदेश की तारीख) तक बैंक के प्रत्येक जमाकर्ता द्वारा उसकी सभी शाखाओं में रखी गई जमाराशियों को मिलाकर उसकी 'समान क्षमता और समान अधिकार में' रखी राशि में से उसके द्वारा देय राशि, यदि कोई हो, के समंजन के अधीन [डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 16(3) के साथ पठित धारा 16(1)] भुगतान हेतु पात्र होंगे। तथापि, प्रत्येक जमाकर्ता को भुगतान समय-समय पर निर्धारित बीमा-कवर की सीमा के अधीन किया जाएगा।

जब किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी बैंक के लिए समझौता या व्यवस्था या पुनर्निमाण या समामेलन की योजना स्वीकृत की जाती है तो विलयन योजना के नियमों और शर्तों के अनुरूप निगम जमाकर्ताओं को इस समय तक लागू जमा बीमा योजना तक भुगतान करता है। इन मामलों में भी, उस बैंक की सभी शाखाओं में 'समान क्षमता और समान अधिकार' में जमाकर्ताओं की सभी जमाराशियों के संबंध में जमाकर्ताओं को देय राशि का निर्धारण बैंक को उनके द्वारा देय राशि, यदि कोई हो, के समंजन के अधीन [डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 16(2) और (3)] किया जाता है।

डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 17(1) के प्रावधानों के अंतर्गत किसी बीमाकृत बैंक जिसका समापन हो चुका हो या वह परिसमापनाधीन है, तो उसके परिसमापक द्वारा, निगम द्वारा यथानिर्दिष्ट पद्धति में, प्रत्येक जमाकर्ता की जमाराशि और समंजन-

राशि को अलग-अलग दर्शाने वाली सूची इसकी यथार्थता प्रमाणित करते हुए परिसमापक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के तीन महीनों के भीतर निगम को प्रस्तुत की जानी है। (अनुबंध; चार्ट 1)

ऐसे बैंक/बैंकों के संबंध में जिसके/जिनके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा समामेलन/पुनर्निर्माण आदि, जैसी कोई योजना स्वीकृत की गई है, इसी प्रकार की सूची संबंधित अंतरिती बैंक या बीमाकृत बैंक, जैसी भी स्थिति हो, के मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा समामेलन/पुनर्निर्माण आदि जैसी योजना के लागू होने की तारीख से तीन महीनों के अंदर प्रस्तुत की जानी है। [डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 18(1)]

निगम से अपेक्षित है कि वह डीआईसीजीसी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत प्रत्येक जमाकर्ता के संबंध में देय राशि का भुगतान, ऐसी सूची जो निगम द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप हो और सभी प्रकार से पूर्ण/सही हो, के प्राप्त करने के दो महीनों के अंदर करे। निगम ऐसी सूची का प्रमाणीकरण ऑन-साइट सत्यापन करने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) फर्म से करवाता है।

सामान्यत: निगम जमाकर्ताओं के मध्य संवितरित करने के लिए पात्र दावा राशि का भुगतान परिसमाप्त बैंक के परिसमापक/ अंतरिती/बीमाकृत बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के नाम पर एजेंसी बैंक में खोले गए खाते में क्रेडिट करता है। तथापि, अनट्रेसेबल जमाकर्ताओं को देय राशि की मंजूरी तब तक नहीं दी जाती जब तक इसके संबंध में परिसमापक/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा सभी अपेक्षित ब्यौरे निगम को प्रस्तुत न किए जाएँ।

इसके अलावा, अगस्त 2021 में डीआईसीजीसी अधिनियम में संशोधित धारा 18ए के अनुसार, निगम आरबीआई द्वारा सर्व समावेशी निदेशों (एआईडी) के तहत रखे गए बैंकों के जमाकर्ताओं को जमा बीमा की सीमा तक भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है (अनुबंध चार्ट 2)। भुगतान आरबीआई द्वारा एआईडी लागू करने की तारीख से 90 दिनों के भीतर पूरा किया जाना है। बीमाकृत बैंक को एआईडी लागू होने के 45 दिनों के भीतर जमाकर्ताओं की सूची प्रस्तुत करनी होती है और निगम को 30 दिनों के भीतर दावों की वास्तविकता और प्रामाणिकता का सत्यापन करना होता है और अगले 15 दिनों के भीतर सम्मति प्रस्तुत करने वाले जमाकर्ताओं को भुगतान करना होता है। यदि भारतीय रिज़र्व बैंक को समामेलन/ समझौता या व्यवस्था/पुनर्निर्माण की योजना लाना उचित लगता है, तो निगम की देयता अवधि को 90 दिनों के लिए बढ़ा दिया जाएगा। एआईडी के अंतर्गत दावों के भुगतान की प्रक्रिया डीआईसीजीसी सामान्य विनियमावली के विनियम 21ए के अनुसार है।

11. निपटाए गए दावों की वसूली

डीआईसीजीसी सामान्य विनियमावली के विनियम 22 के साथ पठित डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 21(2) के अनुसार, परिसमापक या बीमाकृत बैंक या अंतरिती बैंक से अपेक्षित है कि वे विफल बैंकों की आस्तियों से वसूली गई राशि और हाथ में उपलब्ध अन्य राशि में से किए गए व्यय की राशि निकालने के उपरांत डीआईसीजीसी को चुकौती करें। डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 21 (3) के अनुसार, डीआईसीजीसी अपने बोर्ड के अनुमोदन से, डीआईसीजीसी के प्रति अपनी देयता का निर्वहन करने के लिए बीमित बैंक के लिए चुकौती अवधि को स्थगित या बदल सकता है। वर्तमान में एआईडी के तहत बैंक जिन्हें डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 18ए के तहत भुगतान किया गया है के लिए अपेक्षित है कि वे 5 वार्षिक किश्तों में पुनर्भुगतान करें। इसी अधिनियम की धारा 21 (4) के अनुसार, डीआईसीजीसी निपटाए गए दावों के पुनर्भुगतान में देरी के मामले में रेपो दर पर 2 प्रतिशत का दंडात्मक ब्याज वसूल कर सकता है ।

12. निधि, लेखे और कराधान

निगम तीन विभिन्न निधियाँ रखता है : अर्थात् (i) निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ); (ii) ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) तथा (iii) सामान्य निधि (जीएफ)। पहले दो निधियों का निर्माण क्रमश: बीमा प्रीमियम और गारंटी शुल्क के संचयन से किया जाता है और संबंधित दावों के निपटान हेतु इसका उपयोग किया जाता है। निगम की प्राधिकृत पूँजी ₹50 करोड़ है, जो पूर्णत: रिज़र्व बैंक द्वारा अभिदत्त है। प्रतिवर्ष 31 मार्च को निगम के बही-खाते बंद किए जाते हैं। सामान्य निधि का उपयोग निगम के स्थापना और प्रशासनिक व्यय को पूरा करने के लिए किया जाता है। तीनों निधियों की अधिशेष राशि को केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश किया जाता है। अधिनियम के तहत निधियों के बीच अंतर-निधि अंतरण हेतु अनुमति प्राप्त है।

निगम प्रोद्भवन लेखांकन प्रणाली का उपयोग करता है जबकि निपटाए गए दावों के पुनर्भुगतान के मामले में प्राप्ति आधार होता है। निगम के कार्यों की लेखापरीक्षा रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन से निदेशक मंडल द्वारा नियुक्त लेखापरीक्षकों द्वारा की जाती है। निगम वित्तीय वर्ष 1987-88 से आयकर का भुगतान कर रहा है। आयकर अधिनियम, 1961 मे यथापरिभाषित किए गए अनुसार आयकर के संबंध में निगम का मूल्यांकन 'कंपनी' के रुप में किया जाता है। 1 अक्तूबर 2011 से निगम प्रीमियम आय पर सेवाकर के अधीन है और 1 जुलाई 2017 से वस्तु एवं सेवा कर के लिए उत्तरदायी है।

लेखापरीक्षित लेखों के साथ लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट और निगम की कार्य पद्धति संबंधी रिपोर्ट लेखाबंदी के तीन महीनों के अंदर रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है। इन प्रलेखों की प्रतिलिपियाँ केंद्र सरकार को भी भेजी जाती हैं, जिन्हें संसद के प्रत्येक सदन में रखा जाता है।

अनुबंध चार्ट 1

क. भारत में सहकारी बैंकों के लिए दावों के निपटान की प्रक्रिया

भारत में सहकारी बैंकों के जमाकर्ताओं के दावों के निपटान की विस्तृत प्रक्रिया नीचे दी गई है (चार्ट 1):

1. रिज़र्व बैंक किसी बैंक का लाइसेंस रद्द करता है/लाइसेंस के लिए आवेदन अस्वीकार कर देता है और संबंधित सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार (आरसीएस)/सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार (सीआरसीएस) को परिसमापन की सिफारिश करता है और डीआईसीजीसी को इसकी सूचना देता है। डीआईसीजीसी भी संबंधित आरसीएस/सीआरसीएस को परिसमापक की शीघ्र नियुक्ति के लिए लिखता है।
2. आरसीएस/सीआरसीएस परिसमाप्त बैंक के लिए एक परिसमापक नियुक्त करता है तथा डीआईसीजीसी को सूचित करता है।
3. डीआईसीजीसी बीमाकृत बैंक के रुप में बैंक का पंजीकरण रद्द करता है और नियुक्ति के 3 महीनों के अंदर दावा सूची प्रस्तुत करने हेतु परिसमापक को दिशानिर्देश जारी करता है।
4. परिसमाप्त बैंक के लिए अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) के अनुपालन सहित दावा सूची और खाता बहियों का सत्यापन निगम के पैनल में शामिल चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) फर्मों द्वारा किया जाता है। डीआईसीजीसी दावा सूची और बैंक के रिकॉर्ड की पुस्तकों के ऑन साइट सत्यापन के लिए सीए के लिए एक परिचय सत्र आयोजित करता है।

चार्ट 1 : भारत में सहकारी बैंकों के संबंध में दावों के निपटान की विशिष्ट प्रक्रिया



5. परिसमापक दो भागों में दावा सूची तैयार करता है (भाग – क ट्रेस करने योग्य/केवाईसी अनुपालित और भाग-ख अनट्रेसेबल/केवाईसी अनुपालित नहीं) और जमाकर्ताओं को भुगतान के लिए सॉफ्ट फॉर्म में डीआईसीजीसी को सूची प्रस्तुत करता है।
6. सीए को दावा सूची और इसे तैयार करने में प्रासंगिक परिसमाप्त बैंकों के अभिलेखों पर अपनी टिप्पणियों और निष्कर्षों को प्रस्तुत करना होता है।
7. मुख्य दावे के भाग क को प्रोसेस किया जाता है और पात्र बीमित जमाकर्ताओं के दावों का भुगतान करने के लिए एक भुगतान सूची तैयार की जाती है। भाग- ख सूची के संबंध में जब भी जमाकर्ताओं का पता लगाया जाता है/केवाईसी का अनुपालन किया जाता है परिसमापक अनुपूरक दावे के रूप में भुगतान के लिए भाग-ख सूची से दावे प्रस्तुत करते हैं।
8. नामित बैंक से लागू मुख्य दावा निपटान राशि एजेंसी बैंक के साथ रखे गए परिसमापक के खाते के नाम पर जारी की जाती है।
9. नामित बैंक संबंधित परिसमापक द्वारा प्रस्तुत किए गए जमाकर्ताओं के वैकल्पिक बैंक खाते के विवरण के आधार पर एनईएफ़टी/डीडी/एनएसीएच के माध्यम से जमाकर्ताओं को भुगतान जारी करता है।

अनुबंध चार्ट 2

ख. दावा निपटान प्रक्रिया - सर्व समावेशी निदेशों के तहत बैंक

भारत में सर्व समावेशी निदेशों के तहत रखे गए बैंकों के जमाकर्ताओं के दावों के निपटान की विस्तृत प्रक्रिया नीचे दी गई है (चार्ट 2):

1. भारतीय रिज़र्व बैंक बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के तहत सर्व समावेशी निदेश (एआईडी) लगाता है और डीआईसीजीसी, जहां बैंक जमा बीमा के लिए पंजीकृत है, को एक पृष्ठांकन के साथ जमा/निकासी पर लगाए गए प्रतिबंधों के बारे में एआईडी के तहत संबंधित बैंक को सूचित करता है।
2. डीआईसीजीसी, एआईडी के तहत रखे गए संबंधित बैंक को दिशा-निर्देश जारी करता है कि निर्देश लगाए जाने की तारीख को प्रत्येक जमाकर्ता की बकाया जमा राशि (सभी ऋणों/अग्रिमों को सेट ऑफ करने के बाद समान क्षमता और समान अधिकार में) को दर्शाने वाली विस्तृत सूची तैयार करे।

चार्ट 2: दावा निपटान प्रक्रिया – सर्व समावेशी निदेशों के तहत बैंक
(बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत)



3. डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 18ए के अनुसार, एआईडी के तहत रखे गए बैंकों को बैंक पर एआईडी लागू होने के 45 दिनों के भीतर निगम को संपूर्ण जमाकर्ता सूची प्रस्तुत करनी होती है। सूची में भाग ए सूची शामिल होनी चाहिए अर्थात, जमाकर्ताओं की सूची जिनके दावा सम्मति फार्म 45वें दिन तक प्राप्त हुए हैं और भाग बी सूची, अर्थात, जमाकर्ताओं की सूची जिनके दावा सम्मति फार्म 45वें दिन तक प्राप्त नहीं हुए हैं। जिन जमाकर्ताओं के लिए निर्धारित अवधि के भीतर दावा सम्मति फार्म प्राप्त हो जाते हैं उन्हें 90वें दिन भुगतान के लिए विचार किया जाता है।
4. परिसमाप्त बैंक के लिए अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) के अनुपालन सहित दावा सूची और खातों की पुस्तकों का सत्यापन निगम के पैनल में शामिल चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) फर्मों द्वारा किया जाता है। सीए फर्म को डीआईसीजीसी द्वारा जारी दिशानिर्देशों और अधिनियम प्रावधानों के अनुसार दावे का ऑन-साइट सत्यापन करना आवश्यक है।
5. सीए दावा सूची और जमा बीमा दावे के निपटान के लिए प्रासंगिक बैंक के ऐसे किसी भी रिकॉर्ड पर अपनी टिप्पणियों और निष्कर्षों को प्रस्तुत करते हैं।
6. सीए रिपोर्ट प्राप्त होने पर, डीआईसीजीसी द्वारा दावा संसाधित किया जाता है और अपनी सम्मति व्यक्त करने वाले जमाकर्ताओं को पात्र दावों के भुगतान के लिए एक भुगतान सूची तैयार की जाती है ।
7. तब डीआईसीजीसी एजेंसी बैंक के माध्यम से दावे के संवितरण के लिए जमाकर्ताओं के वैकल्पिक खाते का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश के साथ एआईडी के तहत बैंक के साथ भुगतान की जाने वाली सूची साझा करता है।
8. एआईडी के तहत बैंक तब विधिवत भरी हुई सूची को डीआईसीजीसी को सूचित करते हुए एजेंसी बैंक से साझा करता है।
9. तब एजेंसी बैंक द्वारा जमाकर्ताओं को भुगतान की जाने वाली सूची और एआईडी के तहत बैंक द्वारा दिए गए मेंडेट के अनुसार दावों का वितरण किया जाता है।

2. प्रबंधकीय चर्चा और विश्लेषण

1. परिचय

वैश्विक अर्थव्यवस्था

वैश्विक अर्थव्यवस्था 2023 में आघात-सह बनी रहेगी तथा 2024 में भी ऐसी ही स्थिति रहने की आशा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के विश्व आर्थिक आउटलुक, अप्रैल 2024 के अनुसार, वैश्विक आर्थिक संवृद्धि 2023 में घटकर 3.2 प्रतिशत (2022 में 3.5 प्रतिशत) रह जाएगी। 2024 के लिए वैश्विक संवृद्धि का पूर्वानुमान 3.2 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया, जबकि 2025 के लिए इसे 10 आधार अंक बढ़ाकर 3.3 प्रतिशत कर दिया गया। यह आशा की जा रही है कि 2024 और 2025 में विकसित अर्थव्यवस्थाओं में मामूली तेजी की भरपाई उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में मामूली मंदी से हो जाएगी। हालांकि, दीर्घ भू-राजनीतिक तनाव, उच्च सार्वजनिक ऋण और अवस्फीति में धीमी प्रगति के कारण संवृद्धि के लिए अधोगामी जोखिम उच्च बना हुआ है। आईएमएफ ने वैश्विक मुद्रास्फीति में लगातार गिरावट आने का अनुमान लगाया है, जो 2023 में 6.8 प्रतिशत से घटकर 2024 में 5.9 प्रतिशत और 2025 में 4.5 प्रतिशत हो जाएगी, तथा विकसित अर्थव्यवस्थाएं उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अपने मुद्रास्फीति लक्ष्यों पर जल्दी वापस आ जाएंगी। कोर मुद्रास्फीति में सामान्यत: धीरे-धीरे गिरावट आने का अनुमान है।

इन चुनौतियों के बावजूद, वैश्विक वित्तीय प्रणाली स्थिर बनी हुई है। आईएमएफ की वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट, अप्रैल 2024 के अनुसार, वैश्विक स्तर पर निरंतर अवस्फीति तथा मौद्रिक नीति में ढील की आशाओं के कारण दुनिया भर में वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ है। रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में नरमी आने की संभावना बढ़ती जा रही है और यह कि उच्च ब्याज दरों के कारण वित्तीय प्रणाली में आई दरारें और अधिक नहीं बढ़ी हैं। निकट भविष्य में वैश्विक वित्तीय स्थिरता जोखिम कम हो गया है। हालाँकि, अंतिम मील में कई प्रमुख जोखिम हैं। अवस्फीति में रुकावट निवेशकों को आश्चर्यचकित कर सकती है जिससे आस्तियों का पुनर्मूल्यन हो सकता है और वित्तीय बाजार में अस्थिरता फिर से बढ़ सकती है।

मार्च 2023 में संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप में कुछ बैंक विफलताओं ने मौद्रिक नीति के संचालन के साथ-साथ विवेकपूर्ण विनियमन, पर्यवेक्षण, समाधान और जमा बीमा के लिए नई चुनौतियां खड़ी की हैं। हालांकि, उथल पुथल को शांत करने और संक्रमण को रोकने के लिए जमा बीमाकर्ताओं (डीआई) और विनियामकों की त्वरित और निर्णायक प्रतिक्रियाएं वित्तीय स्थिरता की खोज में समाधान और जमा बीमा के परिदृश्य को पुन:परिभाषित कर रही हैं।

इस पृष्ठभूमि में, जमा बीमा के लिए वैश्विक मानक निर्धारण एजेंसी, इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डिपॉजिट इंश्योरर्स (आईएडीएआई) ने चार प्रमुख मुद्दों और चुनौतियों की पहचान की है, जिनमें जमा बीमा डिजाइन, जमा बीमा और समाधान के बीच संबंध, वित्तीय सुरक्षा-कवच में समन्वय और डिजिटलीकरण शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, आईएडीआई ने प्रभावी जमा बीमा प्रणाली, 2014 हेतु अपने मूल सिद्धांतों (सीपी) की समीक्षा करने के लिए एक उच्च स्तरीय संचालन समूह (एचएलएसजी) का गठन किया है। इस समूह ने, अन्य बातों के साथ-साथ, वित्तीय सुरक्षा समन्वय, कवरेज, समाधान और प्रतिपूर्ति सहित चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की है।[1]

भारतीय अर्थव्यवस्था और इसकी वित्तीय प्रणाली सुदृढ़ और आघात-सह बनी हुई है, जो समष्टि आर्थिक और वित्तीय स्थिरता पर आधारित है। वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट, जून 2024 से पता चलता है कि बेहतर तुलन पत्रों के साथ, बैंक और वित्तीय संस्थान निरंतर ऋण विस्तार के माध्यम से आर्थिक गतिविधि को प्रोत्साहित कर रहे हैं। ऋण जोखिम के लिए मैक्रो दबाब परीक्षणों से पता चलता है कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक मार्च 2025 में सिस्टम-स्तरीय सीआरएआर के साथ न्यूनतम पूंजीगत आवश्यकताओं का अनुपालन करने में सक्षम होंगे, जो कि बेसलाइन, मध्यम और गंभीर दबाव परिदृश्यों के तहत क्रमश: 16.1 प्रतिशत, 14.4 प्रतिशत और 13.0 प्रतिशत अनुमानित है।[2]

इस अध्याय का शेष भाग निम्नानुसार तैयार किया गया है। अध्याय का प्रारंभ अगले खंड में वित्तीय वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) के दौरान प्रबंधन नीति और कार्यनीति के विस्तृत विवरण से होता है। खंड 3 और 4

[1]22वें आईएडीआई एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय समिति अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में एलेजांद्रो लोपेज़ द्वारा मुख्य भाषण - वित्तीय सुरक्षा कवच को मजबूत करना: नवीन वित्तीय संकटों की चुनौतियों का समाधान, 25 अप्रैल, 2024 आईएडीआई | इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डिपॉज़िट इंश्योरर्स | मुख्य भाषण से प्राप्त

[2]भारतीय रिज़र्व बैंक, ''वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट'', जून 2024

में दो महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई है, अर्थात संचार कार्यनीति और नीति तथा जमा बीमा में डेपटेक/फिनटेक। मार्च 2023 में कुछ क्षेत्रों में बैंक विफलताओं के संदर्भ में ये दोनों विषय काफी महत्व और प्रासंगिकता रखते हैं, जिसने जमा बीमा के संचालन के लिए नई चुनौतियाँ खड़ी की हैं। जमा बीमा के लिए चुनिंदा उभरते जोखिमों को खंड 5 में प्रस्तुत किया गया है। खंड 6 में आगे की राह बताई गई है।

2. प्रबंधन नीति और कार्यनीति

निगम के प्रबंधन (निदेशक मंडल) ने बैंक जमाकर्ताओं की सुरक्षा तथा इस प्रकार वित्तीय स्थिरता में योगदान देने- जो जमा बीमा के दो प्रमुख सार्वजनिक नीति उद्देश्य हैं- निगम के मिशन और विजन के अनुरूप अपनी नीति और कार्यनीति संबंधी निर्णयों को जारी रखा। वर्ष के दौरान किए गए कुछ नीतिगत उपायों में शामिल हैं (i) जोखिम प्रबंध समिति का गठन करके शासन प्रणाली को मजबूत करना; (ii) अन्य सुरक्षा-कवच प्रतिभागियों और अन्य जमा बीमाकर्ताओं के साथ सूचना साझा करने के तंत्र को मजबूत करना; (iii) अभिनव उपायों के माध्यम से जन जागरूकता बढ़ाना; (iv) आंतरिक प्रक्रियाओं को अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप बेंचमार्क करना; (v) निगम के प्रति सांविधिक बकाया की वसूली का प्रबंधन और (vi) निगम की विभिन्न प्रक्रियाओं के सम्पूर्ण डिजिटल रूपांतरण की दिशा में कदम उठाना।

3. अधिदेश एवं शक्तियां

निगम के पास ''पेबॉक्स प्लस" अधिदेश है।[3] जबकि निगम को बीमाकृत बैंक के समापन (डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 17) के मामले में जमाकर्ताओं को प्रतिपूर्ति करने के लिए प्राधिकृत किया गया था, निगम बीमाकृत बैंक के संबंध में समझौता या व्यवस्था या पुनर्निर्माण या समामेलन की योजना और यदि योजना की मांग की गई हो, के मामले में जमाकर्ताओं को भुगतान करने के लिए उत्तरदायी था। अगस्त 2021 में डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 में संशोधन के साथ निगम के अधिदेश को और मजबूत किया गया है। इस संशोधन, अर्थात धारा 18ए को सम्मिलित करने से बैंकिंग पर्यवेक्षक अर्थात भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा व्यापारिक प्रतिबंधों (जमा राशि लेने) के तहत रखे गए बैंकों के जमाकर्ताओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर भुगतान करने का प्रावधान किया गया।

इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डिपॉजिट इंश्योरर्स (आईएडीआई) के एक सर्वेक्षण[4] में बताया गया है कि पिछले दशक (2014 से 2023) में वैश्विक स्तर पर जमा बीमाकर्ता (डीआई) के अधिदेश (मेंडेट) और समाधान निर्णय लेने का दायरा बढ़ा है। 2023 में, पेबॉक्स प्लस अधिदेश (मेंडेट) वाले डीआई की हिस्सेदारी सबसे ज़्यादा 48 प्रतिशत (दस वर्षों में 11 आधार अंकों की वृद्धि) थी, जिसके बाद लॉस मिनिमाइज़र (22 प्रतिशत), पेबॉक्स (17 प्रतिशत) और रिस्क मिनिमाइज़र (13 प्रतिशत) का स्थान था।[5] इसी प्रकार, समाधान निर्णय लेने में डीआई की भूमिका पिछले दशक में लगातार बढ़ती रही। अपनाए गए समाधान उपकरणों के संबंध में, सर्वेक्षण में बताया गया है कि तीन समाधान उपकरण, अर्थात् परचेज़ एंड अज़ेम्पशन्स (83 प्रतिशत अधिकार क्षेत्रों में उपलब्ध), ब्रिज बैंक (76 प्रतिशत) और बेल-इन (50 प्रतिशत), अधिकार क्षेत्र में सुरक्षा कवच प्रतिभागियों के लिए तेजी से उपलब्ध हो रहे हैं।

शासन प्रणाली

निगम के जोखिम प्रबंधन कार्य को मजबूत बनाने के लिए, निदेशक मंडल ने बाह्य विशेषज्ञों के साथ एक जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) गठित करने का संकल्प लिया और तदनुसार बोर्ड की एक तदर्थ समिति के रूप में आरएमसी[6] का गठन 21 जून 2023 से किया गया। आरएमसी की अध्यक्षता डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(सी) के तहत भारत सरकार द्वारा नियुक्त निदेशक द्वारा की जाती है।

समिति के विचारार्थ विषय हैं: (i) प्रमुख जोखिमों को कम करने के लिए आंतरिक नियंत्रण ढांचे से संबंधित कार्यनीतियों और नीतियों की बोर्ड को सिफारिश करना; (ii) आकस्मिक योजना और संकट प्रबंधन नीतियों/प्रक्रियाओं और उनकी प्रभावशीलता की निगरानी करना; (iii) संगठनात्मक संरचना, बजट, संसाधनों और आंतरिक जोखिम प्रबंधन कार्य के निष्पादन की समीक्षा करना; (iv) निगम की 'कार्यकारी जोखिम प्रबंधन समिति' पर निगरानी रखना; और (v) कोई अन्य संबंधित मामला, जो बोर्ड द्वारा सौंपा जा सकता है।

अन्य सुरक्षा-कवच प्रतिभागियों के साथ संबंध

निगम इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डिपॉजिट इंश्योरर्स

[3]आईएडीआई जमा बीमाकर्ताओं (डीआई) के मेंडेट को मोटे तौर पर चार श्रेणियों में वर्गीकृत करता है: (क) पेबॉक्स - ज्यादातर प्रीमियम वसूलने और जमाकर्ताओं को प्रतिपूर्ति करने तक सीमित है (ख) पेबॉक्स प्लस - प्रतिपूर्ति से परे समाधान में अतिरिक्त जिम्मेदारियां, जैसे वित्तपोषण में योगदान, परिचालन, और/या समाधान में निर्णय लेना। (ग) लॉस मिनिमाइज़र – जहां डीआई कम से कम लागत वाली समाधान कार्यनीतियों की एक श्रृंखला से चयन में सक्रिय रूप से संलग्न होते हैं। (घ) रिस्क मिनिमाइज़र – जहां डीआई के पास व्यापक जोखिम न्यूनीकरण कार्य होते हैं जिनमें जोखिम आकलन और प्रबंधन, प्रारंभिक हस्तक्षेप और समाधान शक्तियों का एक पूर्ण समूह और कुछ मामलों में विवेकपूर्ण निगरानी संबंधी जिम्मेदारियां शामिल हैं।

[4]आईएडीआई (2024), ''2024 में जमा बीमा – वैश्विक रुझान और प्रमुख मुद्दे'', अप्रैल 2024।

[5]एशिया और अफ्रीका में पेबॉक्स और पेबॉक्स प्लस मेंडेट प्रचलित थे; यूरोप और अमेरिका में पेबॉक्स प्लस और लॉस मिनिमाइज़र मेंडेट प्रबल थे।

[6]डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 8(3) और डीआईसीजीसी सामान्य विनियमावली, 1961 के विनियम 9(i) के तहत।

(आईएडीआई) और इसकी विभिन्न समितियों का सदस्य है। जमा बीमा से संबंधित प्रथाओं और तकनीकों पर सूचना और देश के अनुभवों के पारस्परिक आदान-प्रदान के लिए एक अंतरराष्ट्रीय फोरम के रूप में 2002 में स्थापित, आईएडीआई ने जमा बीमा प्रणालियों के लिए एक वैश्विक मानक-निर्धारक के रूप में भी भूमिका निभाई है। आईएडीआई दुनिया भर में प्रभावी जमा बीमा प्रणालियों के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, जिससे बैंकिंग प्रणाली में जनता का विश्वास मजबूत हो रहा है और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित हो रही है।

निगम ने आईएडीआई द्वारा आयोजित बैठकों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं के माध्यम से अन्य जमा बीमाकर्ताओं और आईएडीआई के साथ सक्रिय रूप से भागीदारी की और साथ ही आईएडीआई वार्षिक सर्वेक्षण 2023, मलेशिया डिपॉज़िट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन (पीआईडीएम) बेंचमार्किंग सर्वेक्षण और 'जन जागरूकता स्तर मापन' और 'सम्यक तत्परता कार्यान्वयन' पर इंडोनेशिया डिपॉज़िट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन सर्वेक्षण सहित विभिन्न सर्वेक्षणों में भाग लिया।

नव स्थापित इथियोपियन डिपॉज़िट इंश्योरेंस फंड (ईडीआईएफ) के अनुरोध पर, 07-08 नवंबर 2023 के दौरान एक ''अंतरराष्ट्रीय एक्सपोज़र विज़िट प्रोग्राम'' आयोजित किया गया। ईडीआईएफ के बोर्ड के अध्यक्ष, जो नेशनल बैंक ऑफ इथियोपिया के वाइस गवर्नर भी हैं, के नेतृत्व में सात वरिष्ठ अधिकारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने निगम की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त करने के लिए निगम का दौरा किया। इसके अतिरिक्त, सूचना साझाकरण, प्रशिक्षण संबंधी सहायता आदि में सुधार करने के लिए, निगम कुछ जमा बीमाकर्ताओं के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए भी चर्चा कर रहा है।

आईएडीआई मूल सिद्धांत (4) अन्य बातों के साथ-साथ यह भी बताता है कि जमा बीमाकर्ता और अन्य वित्तीय सुरक्षा-कवच प्रतिभागियों के बीच निरंतर आधार पर गतिविधियों और सूचना साझाकरण के घनिष्ठ समन्वय के लिए एक औपचारिक और व्यापक ढांचा होना चाहिए। तदनुसार, भारतीय रिज़र्व बैंक जो बैंकिंग पर्यवेक्षक भी है, के साथ सूचना साझाकरण तंत्र को औपचारिक रूप दिया गया है और तैयार किया गया है। डीआईसीजीसी और आरबीआई के सदस्यों वाली पुनर्गठित समन्वय समिति की पहली बैठक वर्ष के दौरान आयोजित की गई थी। बीमा प्रीमियम संग्रहण, दावा निपटान आदि से संबंधित कुछ परिचालन संबंधी मामलों पर चर्चा की गई। यह निर्णय लिया गया कि समिति वर्ष में कम से कम दो बार बैठक करेगी।

सदस्यता

भारत में जमा बीमा योजना भारत में संचालित सभी बैंकों (विदेशी बैंकों सहित) के लिए अनिवार्य है। वर्ष के दौरान, एक नए विदेशी बैंक को बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकृत किया गया था और 30 सहकारी बैंकों को विपंजीकृत किया गया (जिनमें से 24 पर निगम की देयता थी[7])। मार्च 2024 के अंत तक बीमाकृत बैंकों की संख्या 1,997 (मार्च 2023 के अंत तक 2,026) थी।

बीमाकृत बैंकों में 140 वाणिज्यिक बैंक और 1,857 सहकारी बैंक शामिल थे। आईएडीआई के नवीनतम जमा बीमा सर्वेक्षण[8] के अनुसार, यह विश्व में जमा बीमा द्वारा कवर किए गए जमा स्वीकार करने वाले संस्थानों की सबसे बड़ी संख्या है, जो अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है।

तालिका 1: बीमाकृत बैंकों की संख्या (मार्च के अंत तक)

बैंक समूह	**2023**	**2024**
I. **वाणिज्यिक बैंक** (i to vii)	**139**	**140**
i) सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी)	12	12
ii) निजी क्षेत्र के बैंक (पीवीबी)	21	21
iii) विदेशी बैंक (एफबी)	43	44
iv) लघु वित्त बैंक (एसएफबी)	12	12
v) भुगतान बैंक (पीबी)	6	6
vi) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी)	43	43
vii) स्थानीय क्षेत्र के बैंक (एलएबी)	2	2
II. **सहकारी बैंक** (i to iii)	**1,887**	**1,857**
i) शहरी सहकारी बैंक (यूसीबी)	1,502	1,472
ii) जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (डीसीसीबी)	352	352
iii) राज्य सहकारी बैंक (एसटीसीबी)	33	33
कुल (I+II)	**2,026**	**1,997**

स्रोत: डीआईसीजीसी

[7]शेष 6 बैंकों को निगम से कोई भुगतान नहीं मिला क्योंकि उनका अन्य बैंकों के साथ समामेलन कर दिया गया था।
[8]जमा बीमा और वित्तीय सुरक्षा कवच फ्रेमवर्क पर वैश्विक सर्वेक्षण, आईएडीआई, 2022

कवरेज

4 फरवरी 2020 से प्रभावी, वर्तमान बीमा कवरेज सीमा एक बैंक में प्रति जमाकर्ता ₹500,000 (लगभग यूएस $6000) है।

कवरेज अनुपात

इस कवरेज सीमा पर, खातों की संख्या के संदर्भ में कवरेज अनुपात मार्च 2024 के अंत तक 97.8 प्रतिशत (मार्च 2023 के अंत तक 97.9 प्रतिशत) रहा। यह दर्शाता है कि कुल पात्र/निर्धारणीय खातों में से 97.8 प्रतिशत खाते पूर्णत: कवर किए गए। शेष 2.2 प्रतिशत खातों को ₹5,00,000 की कवरेज सीमा तक आंशिक रूप से कवर किया गया। जमाराशियों के मूल्य के संदर्भ में कवरेज अनुपात, जिसे बीमाकृत जमाराशि अनुपात कहा जाता है, मार्च 2024 के अंत तक जमाराशि का 43.1 प्रतिशत (मार्च 2023 के अंत तक 44.4 प्रतिशत) था।

डीआईसीजीसी, कवरेज अनुपात में वैश्विक औसत के बराबर है। वैश्विक स्तर पर, 2023 में बाय-अकाउंट और बाय-डिपॉज़िटर्स आधार पर कवरेज अनुपात 98 प्रतिशत है जिसका तात्पर्य यह है कि केवल बहुत अधिक बैलेंस वाले खाते ही विफलता की स्थिति में संभावित रूप से घाटे में जा सकते हैं। दूसरी ओर, जमा बीमा द्वारा पूर्णत: कवर की गई जमाराशियों के प्रतिशत के संदर्भ में कवरेज अनुपात मामूली रूप से घटकर 47 प्रतिशत रह गया।[9]

बीमाकृत जमा राशियों में हिस्सेदारी

बैंकिंग प्रणाली में कुल बीमाकृत जमाराशियों के बैंक-समूहवार वितरण की जांच से पता चला कि वाणिज्यिक बैंकों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है (तालिका 2)। बैंकिंग प्रणाली की कुल बीमाकृत जमाराशियों में वाणिज्यिक बैंकों का योगदान 92.1 प्रतिशत था, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का योगदान सबसे अधिक था (तालिका 2)।

तालिका 2: सिस्टम-वार बीमाकृत जमाराशियों में हिस्सेदारी (प्रतिशत)

	मार्च के अंत तक	
बैंक समूह	**2023**	**2024**
I. **वाणिज्यिक बैंक** (i to vii)	**91.8**	**92.1**
i) सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी)	60.5	60.0
ii) निजी क्षेत्र के बैंक (पीवीबी)	24.6	25.1
iii) विदेशी बैंक (एफबी)	0.6	0.5
iv) लघु वित्त बैंक (एसएफबी)	0.8	1.0
v) भुगतान बैंक (पीबी)	0.1	0.2
iv) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी)	5.2	5.3
vii) स्थानीय क्षेत्र के बैंक (एलएबी)	0.01	0.01
II. **सहकारी बैंक** (i to iii)	**8.2**	**7.9**
i) शहरी सहकारी बैंक (यूसीबी)	4.2	4.0
ii) जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (डीसीसीबी)	3.3	3.3
iii) राज्य सहकारी बैंक (एसटीसीबी)	0.7	0.7
सभी बैंक (I+II)	**100.0**	**100.0**

स्रोत: जमा बीमा रिटर्न, डीआईसीजीसी

अ-बीमाकृत जमाराशि

संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और स्विटजरलैंड में मार्च 2023 में हुई बैंक विफलताओं ने बैंक रन में अ-बीमाकृत जमाराशियों की भूमिका को सामने ला दिया है (बॉक्स 1)। हालाकि, भारत की बैंकिंग प्रणाली बाकी दुनिया में होने वाली उथल-पुथल से सुरक्षित रही। बीमाकृत जमा अनुपात के बैंकवार वितरण की जांच से पता चला कि भारत में अधिकांश बैंकों का बीमाकृत जमा अनुपात 50 प्रतिशत से अधिक था (चार्ट 1)।

[9]उच्च आय वाले क्षेत्राधिकारों में गिरावट की प्रवृत्ति मजबूत थी, हालांकि इस समूह में सबसे अधिक कवरेज अनुपात (55 प्रतिशत) है, जिसके बाद उच्च मध्यम आय (43 प्रतिशत) और निम्न मध्यम आय वाले क्षेत्राधिकार (30 प्रतिशत) का स्थान आता है। जीडीपी/व्यक्ति की तुलना में कवरेज की वैश्विक माध्यिका पिछले दशक में 6 प्रतिशत बढ़ी है और अब यह जीडीपी/व्यक्ति का 3.3 गुना है। भारत में यह जीडीपी/व्यक्ति का 2.9 गुना है।

चार्ट 1: बीमाकृत/अ-बीमाकृत जमा अनुपात के आधार पर बैंकों का वितरण

पैनल ए



पैनल बी



बॉक्स 1: अ-बीमाकृत जमाराशियों का अध्ययन: वित्तीय स्थिरता पर प्रभाव

संयुक्त राज्य अमेरिका और स्विटजरलैंड में 2023 में बैंक विफलताओं ने जमा बीमा कवरेज की पर्याप्तता के बारे में चर्चा को बढ़ावा दिया है। उल्लेखनीय रूप से, विफल यूएस-आधारित बैंकों में जमा राशियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अ-बीमाकृत रह गया जो जमाकर्ताओं के एक छोटे समूह तक सीमित था। उदाहरण के लिए, सिलिकॉन वैली बैंक की 2022 के अंत तक 94 प्रतिशत से अधिक जमा राशि अ-बीमाकृत थी, जो कि फेडरल डिपॉज़िट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन की 250,000 अमेरिकी डॉलर की सीमा से अधिक थी।[10] जैसे-जैसे इन बैंकों की वित्तीय स्थिति तेजी से खराब होती गई, अ-बीमाकृत जमाकर्ताओं ने बीमाकृत जमाकर्ताओं की तुलना में अपना धन काफी तेजी से निकाल लिया। इस निकासी प्रवृत्ति ने बैंकों की विफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। किसी जमा बीमाकर्ता के सदस्य संस्थान में बीमा रहित जमाराशियों का उच्च स्तर विफलता के जोखिम को बढ़ा सकता है तथा ऐसे परिदृश्यों में प्रणालीगत प्रभाव डाल सकता है।

वैश्विक परिदृश्य

जमा बीमा कवरेज पर इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डिपॉजिट इंश्योरर्स (आईएडीआई) मुख्य सिद्धांत और ''80/20'' नियम

2014 में आईएडीआई द्वारा जारी किए गए मूल सिद्धांतों (सीपी) के सिद्धांत 8 में इस बात पर जोर दिया गया है कि जमा बीमाकर्ताओं को जमा कवरेज के स्तर और दायरे को स्पष्ट रूप से परिभाषित करना चाहिए। इसमें आगे यह सिफारिश की गई है कि जमा बीमा कवरेज सीमित, विश्वसनीय होना चाहिए और इसमें अधिकांश जमाकर्ताओं को कवर किया जाना चाहिए। हालाँकि, जमा राशि का एक बड़ा हिस्सा बिना बीमा के छोड़ने से बाजार अनुशासन को बढ़ावा मिलता है और यह जमा बीमा प्रणाली के सार्वजनिक नीति उद्देश्यों के अनुरूप होता है। इससे पहले, मूल सिद्धांतों की भावना को ध्यान में रखते हुए, आईएडीआई ने एक नीति दृष्टिकोण का सुझाव दिया था जिसे ''80/20'' नियम के रूप में जाना जाता है। इस सिद्धांत के अंतर्गत, जमा बीमा प्रणाली का लक्ष्य जमाकर्ताओं की संख्या के 80 प्रतिशत को पूर्णत: कवर करना है, परंतु जमा राशि के मूल्य का केवल 20-30 प्रतिशत ही कवर करना है।[11] इस दृष्टिकोण का उद्देश्य जमाकर्ताओं की एक विस्तृत श्रृंखला की सुरक्षा करते हुए एक संतुलन बनाना है, साथ ही जमा के एक महत्वपूर्ण हिस्से को बाजार अनुशासन के अधीन रखना है। हाल के दिनों में दुनिया भर में देखी गई कुछ बैंकिंग विफलताओं ने हालांकि '80/20' नियम के औचित्य की जांच की है और इस बात पर पुनर्विचार करने को प्रेरित किया है कि बीमाकृत/ अ-बीमाकृत जमा राशि का इष्टतम स्तर क्या होना चाहिए। जमा बीमाकर्ताओं के बीच आघात योग्य खातों या वास्तविक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले लक्षित कवरेज पर भी चर्चा हो रही है।

(जारी..)

[10]आईएडीआई (2023)। ''2023 की बैंकिंग उथल-पुथल और जमा बीमा प्रणाली: संभावित निहितार्थ और उभरते नीतिगत मुद्दे'', दिसंबर 2023
[11]आईएडीआई (2013)। ''प्रभावी जमा बीमा प्रणालियों के लिए उन्नत मार्गदर्शन: जमा बीमा कवरेज'', मार्च 2013

विभिन्न देशों में भिन्नता

बीमाकृत जमा राशि अनुपात विभिन्न देशों में काफी भिन्न है, तुर्की के लिए यह न्यूनतम 21.5 प्रतिशत तथा बेल्जियम के लिए अधिकतम 71.0 प्रतिशत है। (तालिका 3)। जमा बीमा के कवरेज को बढ़ाकर अ-बीमाकृत जमाराशियों के स्तर को कम किया जा सकता है। हालांकि, अ-बीमाकृत जमाराशियों की प्रासंगिकता का आकलन करते समय केवल कवरेज सीमा पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। कवरेज तय करते समय जमाराशियों के वितरण को ध्यान में रखा जाता है ताकि अधिकांश जमाकर्ताओं को सुरक्षा मिल सके।

तालिका 3: जमा बीमा निधि (डीआईएफ) और बीमाकृत जमा राशि और निर्धारणीय जमाराशि अनुपात (आईडीआर) के संदर्भ में शीर्ष दस देश

देश	वैश्विक डीआईएफ रैंक	आईडीआर (%)
बेल्जियम	9	71.0
जापान	2	69.1
स्पेन	10	66.0
संयुक्त राज्य अमेरिका	1	56.6
ब्राज़ील	4	51.7
कोरिया	6	51.7
इंडोनेशिया	5	46.9
भारत	**3**	**46.3**
स्विट्ज़रलैंड	8	37.0
तुर्की	7	21.5

देश	एपीआरसी रैंक	आईडीआर (%)
जापान	1	69.1
कोरिया	4	51.7
चीनी ताइपे	6	47.2
इंडोनेशिया	3	46.9
भारत	**2**	**46.3**
मलेशिया	9	32.1
थाइलैंड	7	28.1
हांग कांग एसएआर	10	20.0
फिलिपिंस	5	18.8
वियतनाम	8	8.9

बीमाकृत जमा राशि अनुपात के आधार पर, भारत विश्व के शीर्ष दस देशों में 8वें स्थान पर और एपीआरसी देशों में 5वें स्थान पर है। जमा राशि बीमा निधि आकार के संदर्भ में, भारत संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान के बाद दुनिया में तीसरे स्थान पर है।

वैश्विक स्तर पर, जमा बीमाकर्ता कुल पात्र जमा राशियों का लगभग 41 प्रतिशत कवर करते हैं, जिससे 2022 तक 59 प्रतिशत अ-बीमाकृत रह जाएंगे।

देशीय परिदृश्य

चार्ट 2: अ-बीमाकृत जमा राशि अनुपात



भारतीय संदर्भ में, 31 मार्च 2024 तक की अवधि के दौरान अ-बीमाकृत जमाराशि और निर्धारणीय जमाराशि अनुपात (यूआईडीआर) 80 प्रतिशत से नीचे बना हुआ है। यह ''80/20'' नियम के अनुरूप है, जो निर्धारित करता है कि बीमाकृत जमा राशि अनुपात (आईडीआर) 20 प्रतिशत से अधिक होना चाहिए या यूआईडीआर 80 प्रतिशत से कम होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि यूआईडीआर लगभग चार दशकों (1969 से 2009 तक) से 50 प्रतिशत से नीचे रहा है। 31 मार्च 2024 तक यह अनुपात 56.9 प्रतिशत है और वैश्विक औसत के बराबर है।

निर्धारणीय जमाराशि में वृद्धि के साथ, अ-बीमाकृत जमा राशि अनुपात मार्च 2023 के 55.6 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2024 में 56.9 प्रतिशत हो गया।

संदर्भ:

1. आईएडीआई (2023). ''अ-बीमाकृत जमा: समय के साथ प्रासंगिकता और क्रमिक विकास'', जून 2023.
2. आईएडीआई (2023). ''2023 की बैंकिंग उथल-पुथल और जमा बीमा प्रणाली: संभावित निहितार्थ और उभरते नीतिगत मुद्दे'', दिसंबर 2023.
3. आईएडीआई (2013). ''प्रभावी जमा बीमा प्रणालियों के लिए उन्नत मार्गदर्शन: जमा बीमा कवरेज'', मार्च 2013.

निधियों के स्रोत और उपयोग

जमा बीमा योजना को संचालित करने के लिए डीआईसीजीसी द्वारा बनाए रखा गया निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) एक प्रत्याशित निधि है, जिसे मुख्य रूप से बैंकों पर लगाए गए प्रीमियम से वित्त पोषित किया जाता है।

प्रीमियम राजस्व

निगम एक समान दर पर प्रीमियम लगाता है जिसे मुद्रास्फीति, बैंकिंग प्रणाली की स्थिति और डीआई फंड की पर्याप्तता को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर संशोधित किया जाता है। बैंकों पर लगाए जाने वाले प्रीमियम की वर्तमान दर 0.12 प्रतिशत प्रति वर्ष है। 2023-24 के दौरान निगम द्वारा प्राप्त कुल प्रीमियम ₹23,879 करोड़ था, जिसमें वाणिज्यिक बैंकों का योगदान 94.4 प्रतिशत और शेष 5.6 प्रतिशत सहकारी बैंकों का था।

ब्याज आय

निगम डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 25 के अनुसार भारत सरकार की प्रतिभूतियों (जी-सेक) में अपने राजस्व का निवेश करता है। ब्याज आय सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश से प्राप्त होती है। ब्याज आय 2023-24 के दौरान बढ़कर 13,947 करोड़ रुपये हो गई, जो 2022-23 के दौरान 11,908 करोड़ रुपये थी।

निक्षेप बीमा निधि

डीआईसीजीसी द्वारा अनुरक्षित डीआईएफ प्रत्येक वर्ष अपने अधिशेष के अंतरण के माध्यम से निर्मित एक प्रत्याशित निधि है। अधिशेष का अर्थ है, करों के अतिरिक्त, व्यय (जमाकर्ताओं के दावों और संबंधित खर्चों का भुगतान) की तुलना में राजस्व - बीमित बैंकों से प्राप्त प्रीमियम, निवेश से ब्याज आय और असफल बैंकों की संपत्ति से वसूली की अधिकता है। डीआईएफ 31 मार्च, 2024 को ₹1,98,753 करोड़ था। प्रीमियम राजस्व ने 2023-24 के दौरान फंड में कर-पूर्व अभिवृद्धि में 63 प्रतिशत का योगदान दिया, जबकि निवेश से ब्याज आय ने अभिवृद्धि का लगभग 37 प्रतिशत हिस्सा बनाया (चार्ट 3)।

चार्ट-3: निक्षेप बीमा निधि का प्रमुख स्रोत: कर-पूर्व अभिवृद्धि में हिस्सा



आरक्षित अनुपात

आरक्षित अनुपात - कुल बीमित जमा के लिए डीआईएफ का अनुपात - 31 मार्च, 2024 को 2.11 प्रतिशत (31 मार्च, 2023 को 1.96 प्रतिशत) था। यह अनुपात वैश्विक माध्यिका अनुपात के साथ तुलनीय है।

निगम के निवेश पोर्टफोलियो का कुल आकार 31 मार्च, 2024 को ₹2,04,623 करोड़ (31 मार्च, 2023 को ₹1,75,149 करोड़) था, जो वर्ष-दर-वर्ष 16.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

बैकअप फंडिंग

डीआईसीजीसी अधिनियम के अनुसार, डीआईसीजीसी के पास भारतीय रिज़र्व बैंक से ₹5 करोड़ तक की सार्वजनिक बैकअप फंडिंग है।

वैश्विक स्तर पर, 96 प्रतिशत डीआई को सदस्य संस्थानों पर प्रीमियम लगाकर पूर्व-वित्त पोषित किया जाता है। लगभग आधे जमा बीमाकर्ता अतिरिक्त जोखिम उपायों को शामिल करते हुए विभेदक प्रीमियम (2010 में 30 प्रतिशत) लगाते हैं। दुनिया भर में औसत फंड का आकार क्षेत्रीय विविधताओं[12] के साथ कवर की गई जमा का लगभग 2 प्रतिशत रहा है। वैश्विक औसत के रूप में, डीआई के पास ऐसे फंड हैं जो उनके लक्षित फंड स्तरों के 80 प्रतिशत के करीब हैं। लगभग 76 प्रतिशत डीआई सदस्य संस्थानों से बैकअप फंडिंग प्राप्त कर सकते हैं, लगभग 75 प्रतिशत डीआई सरकार या केंद्रीय बैंक से सार्वजनिक बैकअप फंडिंग प्राप्त कर सकते हैं, 33 प्रतिशत के पास निजी बाजारों (जैसे, उधार के माध्यम से), और 27 प्रतिशत की विकास बैंकों या अंतरराष्ट्रीय संगठनों

[12]अफ्रीका (10 प्रतिशत से ज्यादा), एशियाई फंड्स (करीब 2.5 प्रतिशत) और यूरोप (0.8 प्रतिशत)। आईएडीआई (2024)

तक पहुंच है।

जन जागरुकता: संचार रणनीति और नीति

निगम जमा बीमा भुगतान से संबंधित जानकारी के वास्तविक समय प्रसार के उद्देश्य से अपने जन जागरूकता अभियानों को लगातार विकसित कर रहा है। वर्ष के दौरान, सभी बीमित बैंकों को 1 सितंबर, 2023 से अपनी वेबसाइट और इंटरनेट बैंकिंग पोर्टल पर डीआईसीजीसी वेबसाइट से जुड़े डीआईसीजीसी लोगो और क्यूआर कोड को प्रदर्शित करने के लिए सूचित किया गया था । इस पहल का उद्देश्य जमाकर्ताओं को यह पता लगाने में सक्षम बनाना है कि उनकी जमा राशि डीआईसीजीसी द्वारा संरक्षित है या नहीं। 31 मार्च, 2024 तक, 1165 बैंक जिनकी अपनी वेबसाइट है, में से 916 बैंकों ने डीआईसीजीसी लोगो और क्यूआर कोड प्रदर्शित किया है। इसके परिणामस्वरूप डीआईसीजीसी वेब पेज पर नए आगंतुकों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है, जुलाई 2023 में 6,000 से अधिक आगंतुकों की तुलना में मई 2024 में 1,14,762 से अधिक आगंतुक।

व्यापक दर्शकों तक पहुंचने के उद्देश्य से, निगम अपने जन जागरूकता अभियानों में जमा बीमा और डीआईसीजीसी के बारे में जानकारी शामिल करने के लिए आरबीआई के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। फरवरी 2024 के लिए आरबीआई की वित्तीय जागरूकता संदेश (फेम) पुस्तिका में अब जमा बीमा और डीआईसीजीसी पर एक विशिष्ट अध्याय है।

अपनी संचार कार्यनीति को और अधिक लक्षित करने के लिए, डीआईसीजीसी आरबीआई की सहायता से एआईडी बैंकों की अधिक संकेन्द्रण वाले पांच राज्यों में सर्वेक्षण करने की प्रक्रिया में है। निगम में जनता के लिए प्रासंगिक सूचना के व्यापक प्रसार और प्रसार के लिए लोकप्रिय सोशल मीडिया ऐप्स/चैनलों से जुड़कर जनता के साथ अधिक जुड़ाव की परिकल्पना की गई है। जमा बीमा से संबंधित लघु वीडियो क्लिप को डीआईसीजीसी की नई वेबसाइट वर्तमान में जिसका विकास किया जा रहा है) और सोशल मीडिया ऐप पर होस्ट करने के लिए अंतिम रूप दिया जा रहा है।

निगम ने जनता से प्राप्त प्रश्नों/शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए एक शिकायत निवारण कक्ष (सीआरसी) बनाया। वर्ष के दौरान कुल 1,410 प्रश्नों/शिकायतों पर कार्रवाई की गई। खंड 3 समय के साथ निगम द्वारा अपनाई गई संचार नीति और रणनीतियों की व्यापक समीक्षा प्रस्तुत करता है।

दावा भुगतान

बैंक की विफलता की स्थिति में बीमित जमाकर्ताओं को अदायगी एक जमा बीमाकर्ता की मुख्य जिम्मेदारी है। वर्ष के दौरान, निगम ने परिसमाप्त बैंकों, विलय की गई संस्थाओं के बैंकों और सर्व समावेशी निर्देशों (एआईडी) के तहत रखे गए बीमाकृत जमाकर्ताओं को ₹1,436.92 करोड़ (वित्त वर्ष 2022-23 में ₹751.78 करोड़) की राशि के दावों का निपटान किया। पूरा दावा सहकारी बैंकों से था: 175.71 करोड़[13] रुपये परिसमाप्त और विलय किए गए बैंकों के दावों से संबंधित थे और 1,261.21 करोड़ रुपये एआईडी के तहत लाए गए बैंकों से संबंधित थे।

जहां तक डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 16 के तहत दावों के निपटान का संबंध है, निगम ने परिसमापक से दावे की प्राप्ति की तारीख से मंजूरी के लिए औसतन 14 दिन का समय लिया है। इसके अतिरिक्त, जहां तक एआईडी के अंतर्गत बैंकों का संबंध है, निगम ने ऐसे बैंकों को एआईडी जारी करने की तारीख से निक्षेप बीमा दावों के निपटान के लिए 90 दिनों की सांविधिक समय-सीमा का पालन किया है। आमतौर पर तेजी से अदायगी में बाधा डालने वाले कारकों में डेटा गुणवत्ता के मुद्दे, बीमित जमाकर्ताओं की पहचान और जमाकर्ताओं के पास वैकल्पिक बैंक खाता न होना शामिल है।

वसूली प्रबंधन

वर्ष के दौरान, निगम को 900.73 करोड़ रुपये का पुनर्भुगतान प्राप्त हुआ, जिसमें से 760.83 करोड़ रुपये परिसमाप्त/अंतरिती बैंकों से और 139.90 करोड़ रुपये एआईडी के तहत बैंकों से थे। वर्ष 2023-24 के दौरान वाणिज्यिक बैंकों से कोई वसूली प्राप्त नहीं हुई।

नागपुर और लखनऊ में परिसमापनाधीन विभिन्न यूसीबी के परिसमापकों के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं ताकि उन्हें उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में संवेदनशील बनाया जा सके। सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार (सीआरसीएस), महाराष्ट्र, कर्नाटक,

[13]इसमें पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड (यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के साथ विलय) योजना, 2022 के प्रावधानों के अनुसार पीएमसीबीएल के दावे के संबंध में स्वीकृत 3.29 करोड़ रुपये शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश, गुजरात, आंध्र प्रदेश राज्यों के सहकारी समितियों (आरसीएस) के रजिस्ट्रार और डीआईसीजीसी की एक बैठक डीआईसीजीसी से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा के लिए आयोजित की गई थी, जैसे परिसमापक की समय पर नियुक्ति, और दावा सूची समय पर प्रस्तुत किए जाने के लिए सांविधिक लेखा परीक्षकों, अवितरित धनराशि, और डीआईसीजीसी को बकाया राशि के पुनर्भुगतान की चुनौतियां। निगम ने अपनी सांविधिक देयताओं की वसूली के लिए क्षेत्रीय स्तर पर शहरी सहकारी बैंकों संबंधी कार्यबल की उप-समितियों की बैठकों में भाग लिया। इन उपायों के परिणामस्वरूप परिसमाप्त बैंकों से सांविधिक देयताओं की अदायगी में वृद्धि हुई है।

डिजिटलीकरण

निगम ने रिजर्व बैंक सूचना प्रौद्योगिकी (रेबिट) द्वारा प्रारंभिक अध्ययन के साथ निगम की वेबसाइट के सुधार की दिशा में काम शुरू किया। उसी के आधार पर, रेबिट को डीआईसीजीसी के लिए एक नई वेबसाइट विकसित करने के लिए नियुक्त किया गया है। वेबसाइट के ओवरहाल का उद्देश्य इसे खोज क्षमता, सूचना संरचना, बेहतर यूजर इंटरफेस / अनुभव, सामग्री रणनीति और उपयोगकर्ता जुड़ाव, प्रगतिशील वेब ऐप और इसी तरह के मामले में अधिक ग्राहक के अनुकूल बनाना है। इसके अलावा, पेपरलेस मीटिंग को सक्षम करने के लिए एक बोर्ड मीटिंग मैनेजमेंट सॉल्यूशन एप्लीकेशन बनाया गया है।

3. संचार रणनीति और नीति

जन जागरूकता पर आईएडीआई कोर सिद्धांत

3.1 प्रभावी जमा बीमा प्रणाली के लिए अंतर्राष्ट्रीय जमा बीमाकर्ता संघ (आईएडीआई) कोर सिद्धांत (सीपी) पहली बार 2009 में प्रकाशित किए गए थे और 2014 में संशोधित किए गए थे। इन कोर सिद्धांतों का उद्देश्य क्षेत्राधिकारों को उनकी जमा बीमा प्रणाली स्थापित करने या सुधारने के लिए मार्गदर्शन करना है। कोर सिद्धांत 10 में प्रावधान है कि जमा बीमाकर्ता 'एक व्यापक संचार कार्यक्रम के हिस्से के रूप में निरंतर आधार पर विभिन्न संचार उपकरणों का उपयोग करके जमा बीमा प्रणाली के बारे में सार्वजनिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार है'।

3.2 जन जागरूकता के संबंध में निम्नलिखित आवश्यक मानदंड मुख्य सिद्धांतों में निर्धारित किए गए हैं:

(i) बैंक की विफलता की स्थिति में, जमा बीमाकर्ता को प्रेस विज्ञप्ति, प्रिंट विज्ञापन, वेबसाइट और अन्य मीडिया आउटलेट जैसे मीडिया के माध्यम से अधिसूचित करना चाहिए। अधिसूचना में बीमित जमाकर्ताओं द्वारा अपने धन तक पहुंच के संबंध में अपनाई जाने वाली विस्तृत प्रक्रिया प्रदान की जानी चाहिए और मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार अपनी जमा राशि प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेजों को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए।

(ii) जन जागरूकता कार्यक्रम या गतिविधियाँ निम्नलिखित के बारे में जानकारी देती हैं: (क) दायरा (यानी, किस प्रकार के वित्तीय साधन और जमाकर्ता जमा बीमा द्वारा कवर किए जाते हैं, और कौन से नहीं); (ख) एक सूची कि कौन से बैंक सदस्य हैं और उन्हें कैसे पहचाना जा सकता है; (ग) जमा बीमा कवरेज स्तर की सीमाएँ; और (घ) अन्य जानकारी, जैसे कि जमा बीमाकर्ता का मेंडेट ।

(iii) जन जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य स्पष्ट रूप से परिभाषित हैं और सार्वजनिक नीति उद्देश्यों और जमा बीमा प्रणाली के मेंडेट के अनुरूप हैं।

(iv) जमा बीमाकर्ता अपने जन जागरूकता उद्देश्यों को पूरा करने के लिए एक दीर्घकालिक रणनीति निर्धारित करता है और जमा बीमा के बारे में जन जागरूकता के लक्ष्य स्तर को बनाने और बनाए रखने के लिए बजट आवंटन करता है।

(v) जमा बीमाकर्ता बैंकों और अन्य सुरक्षा-कवच प्रतिभागियों के साथ मिलकर काम करता है ताकि जमाकर्ताओं को प्रदान की गई जानकारी की स्थिरता और सटीकता सुनिश्चित की जा सके और निरंतर आधार पर जागरूकता को अधिकतम किया जा सके। बैंकों को जमा बीमा के बारे में जमा बीमाकर्ता द्वारा निर्धारित प्रारूप/भाषा में जानकारी प्रदान करना आवश्यक है।

(vi) जमा बीमाकर्ता निरंतर आधार पर अपनी जन जागरूकता गतिविधियों की निगरानी करता है और समय-समय पर अपने जन जागरूकता कार्यक्रम या गतिविधियों की प्रभावशीलता का स्वतंत्र मूल्यांकन करता है।

3.3 जमा बीमा और इसके लाभों और सीमाओं के बारे में लोगों में उच्च स्तर की जागरूकता जमाकर्ताओं के सिस्टम में विश्वास को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। जिन उपभोक्ताओं की जमाराशि जमा बीमा

की सीमा से अधिक है, उनके लिए जन जागरूकता गतिविधियाँ उन्हें यह सुनिश्चित करके अपने जोखिम को कम करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं कि उनकी जमाराशि पूरी तरह से बीमाकृत है या अपने वित्तीय संस्थान के स्वास्थ्य की बारीकी से निगरानी करें, जिससे बाजार अनुशासन[14] को बढ़ावा मिले। हाल ही में आईएडीआई द्वारा प्रायोजित एक अध्ययन ने अनुभवजन्य साक्ष्य प्रस्तुत किए कि जमा बीमा के बारे में लोगों में जागरूकता जमाकर्ताओं की अपने बैंक से दूर भागने की प्रवृत्ति को 67 प्रतिशत[15] तक कम कर सकती है।

अंतर्राष्ट्रीय प्रथाएँ

3.4 आईएडीआई की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में वैश्विक स्तर पर लगभग दो-तिहाई जमा बीमाकर्ताओं के पास सार्वजनिक जागरूकता कार्यक्रम हैं। हालाँकि, जागरूकता कार्यक्रम का कवरेज प्राथमिकताओं के संदर्भ में भिन्न होता है। कार्यक्रम उद्देश्यों के संदर्भ में भिन्न होते हैं, जिनमें से अधिकांश निरंतर आधार पर जागरूकता को बढ़ावा देने (95 प्रतिशत) पर केंद्रित होते हैं, इसके बाद कॉर्पोरेट छवि/पहचान (80 प्रतिशत), वित्तीय स्थिरता (82 प्रतिशत) को बढ़ावा देना और जमाकर्ताओं को जमा बीमा कवरेज में बदलावों के बारे में अपडेट करना (80 प्रतिशत) होता है। 2023 आईएडीआई वार्षिक सर्वेक्षण में पाया गया है कि जमा बीमाकर्ताओं के लिए संचार का पसंदीदा तरीका संबंधित वेबसाइट था, उसके बाद मुद्रित सामग्री और सोशल मीडिया था। उपयोग किए गए अन्य संचार उपकरणों में आउटरीच कार्यक्रम, मीडिया कार्यक्रम, प्रदर्शनियाँ, सदस्य संस्थानों के माध्यम से जागरूकता फैलाना और शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोग शामिल थे।

डीआईसीजीसी की संचार रणनीति

3.5 निगम ने आईएडीआई कोर सिद्धांत 10 के अनुरूप बोर्ड द्वारा अनुमोदित संचार नीति तैयार की है। निगम की विविध (भौगोलिक, आर्थिक, सामाजिक और आयु) पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए संचार रणनीति का मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से आरबीआई, डीआईसीजीसी और बाहरी संचार विशेषज्ञों के सदस्यों के साथ एक तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) का भी गठन किया गया है। इस रणनीति के हिस्से के रूप में, निगम अपनी वेबसाइट और बीमित बैंकों के माध्यम से जनता को जमा बीमा योजना के बारे में जानकारी प्रसारित करता है।

3.6 निगम ने खुद को पब्लिक ऐप (@dicgc) पर पंजीकृत किया है, जो एक हाइपर-लोकल सोशल प्लेटफॉर्म है जो किसी विशेष जिले या यहां तक कि एक वार्ड के लक्षित दर्शकों के साथ विशिष्ट जानकारी साझा करने की सुविधा प्रदान करता है। मैसेजिंग ऐप विशेष रूप से एक छोटे बैंक के दावे के भुगतान की जानकारी को प्रसारित करने में उपयोगी रहा है, जिसकी उपस्थिति राज्य के कुछ जिलों में है। दिसंबर 2022 से, निगम जमा बीमा और दावों के भुगतान पर महत्वपूर्ण जानकारी की अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं, हिंदी और अंग्रेजी में सार्वजनिक जागरूकता संदेश पोस्ट करने के लिए ऐप का उपयोग कर रहा है।

3.7 जमा बीमा पर सूचना के निरंतर और केंद्रित प्रसार के लिए, सभी बीमित बैंकों को सूचित किया गया है कि वे 1 सितंबर, 2023 से अपने वेब पेज पर डीआईसीजीसी लोगो और क्यूएएआर कोड को प्रमुखता से प्रदर्शित करें।

3.8 दावा निपटान प्रक्रिया के प्रत्येक चरण यानी दावे की प्राप्ति और दावे की मंजूरी पर परिसमाप्त बैंकों और एआईडी के तहत बैंकों के जमाकर्ताओं को मोबाइल के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक संदेश भेजे जा रहे हैं। इससे दावा निपटान की जानकारी को वास्तविक समय पर साझा करना संभव हो जाता है।

3.9 डीआईसीजीसी अधिनियम में संशोधन निगम को बैंकों के परिसमापन के मामले में दावों के निपटान के अलावा जमाराशि की निकासी पर प्रतिबंध के साथ आरबीआई द्वारा एआईडी के तहत बैंकों के जमाकर्ताओं को भुगतान करने में सक्षम बनाता है। निगम सुनिश्चित करता है कि प्रासंगिक जानकारी लक्षित दर्शकों तक इस प्रकार से पहुंचाई जाए:

- जैसे ही किसी बैंक को आरबीआई द्वारा जमाराशि की निकासी पर प्रतिबंध के साथ निर्देश दिए जाते हैं, आरबीआई द्वारा प्रेस विज्ञप्ति में बैंकों/जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए डीआईसीजीसी अधिनियम (संशोधित) की धारा 18ए के तहत डीआईसीजीसी भुगतान के बारे में जानकारी शामिल की जाती है।
- परिसमाप्त/एआईडी बैंकों के जमाकर्ताओं के लिए डीआईसीजीसी वेबसाइट पर होस्ट की गई प्रेस विज्ञप्ति में

[14]जमा बीमा प्रणालियों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता - आईएडीआई मार्गदर्शन पत्र दिनांक 06 मई, 2009

[15]2023 की बैंकिंग उथल-पुथल और जमा बीमा प्रणाली: संभावित निहितार्थ और उभरते नीतिगत मुद्दे - दिसंबर 2023 का आईएडीआई प्रकाशन

दावा भुगतान की तारीख, सम्मति फॉर्म जमा करने का विवरण और परिसमापक के संपर्क विवरण शामिल हैं।

- इलेक्ट्रॉनिक संदेश सूचना के अलावा, परिसमाप्त बैंकों और आरबीआई के एआईडी के तहत रखे गए बैंकों के लिए दावा भुगतान/प्रासंगिक दावा निपटान दस्तावेजों को जमा करने की विभिन्न समय सीमाएँ सार्वजनिक ऐप पर होस्ट की गई हैं। 8 जुलाई, 2024 तक, ऐप पर 2.26 करोड़ व्यू हैं और यह दावा भुगतान संदेशों के वास्तविक समय संचार में उपयोगी रहा है।

3.10 डीआईसीजीसी अधिनियम (धारा 18 ए) में संशोधन और हाल ही में बैंकिंग संकट जिसने एक महत्वपूर्ण वित्तीय सुरक्षा नेट प्रदाता के रूप में जमा बीमाकर्ताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला, के मद्देनजर, निगम की संचार रणनीति लक्षित दर्शकों को जमा बीमा और दावों के भुगतान संबंधित रियल टाइम और संकेंद्रित जानकारी देना है। इससे निगम में ग्राहक पूछताछ और कम हो गई है।

3.11 निगम ने देश के कुछ जिलों में कम जमा संग्रहण (खातों की संख्या और जमा राशि दोनों के संदर्भ में) पर भी ध्यान दिया है जो संभवतया जमा बीमा के बारे में कम जागरूकता दर्शाता है। ऐसे मामलों में निगम में पंजीकृत बैंकों में जमाराशियां जमा करने के लाभ के बारे में जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए लक्षित जमा बीमा संचार का उपयोग कर सकता है/इसमें तेजी लाई जा सकती है। (बॉक्स 2)।

बॉक्स 2: जमा बीमा पर लक्षित जागरूकता अभियान के लिए नया दृष्टिकोण

जमा बीमा जागरूकता के लिए लक्षित दर्शकों की पहचान करना। जमा बीमा जागरूकता के लिए लक्षित दर्शकों की पहचान करने की चुनौती को निगम द्वारा समझा गया है। खातों की संख्या और जमा राशियों दोनों के संदर्भ में कम जमा संग्रहण वाले क्षेत्र महत्वपूर्ण/युक्तिसंगत जमाराशि संग्रहण वाले क्षेत्रों से भिन्न हैं। स्थानिक जमा संग्रहण का आकलन करने के लिए सांख्यिकीय उपायों को अनुभवजन्य रूप से संकलित किया जाता है, जिसका उद्देश्य अधिक जागरूकता पहलों की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान करना है।

जमा सूचकांकों का विकास करना। जमा सूचकांकों का निर्माण सूचकांकों के सिद्धांत का उपयोग करके किया जाता है। सिद्धांत के अनुसार, विभिन्न डेटा श्रृंखला को एक समान पैमाने पर बदला जाता है, आमतौर पर एक चयनित आधार समय पर 100 तक सामान्यीकृत होती है। समय के साथ विभिन्न श्रृंखलाओं में सापेक्ष परिवर्तनों की आसान तुलना इस मानकीकरण द्वारा सक्षम होती है। विभिन्न श्रृंखलाओं की शुरुआत को आमतौर पर आधार समय के रूप में चुना जाता है, जो प्रगति की निगरानी के लिए एक संदर्भ बिंदु के रूप में कार्य करता है।

जमा गतिविधि का भौगोलिक विश्लेषण। जिला, राज्य और क्षेत्रीय आधार पर, दो आवश्यक जमा सूचकांक, खातों की संख्या और जमा राशि की गणना की जाती है। इन गणना सूचकांकों के आधार पर खातों और राशियों दोनों में अपर्याप्त वृद्धि वाले विशिष्ट क्षेत्रों को इंगित किया गया है। तदनुसार, जमा बीमा जागरूकता बढ़ाने के लिए संचार रणनीतियों जैसे निगम द्वारा स्कूलों और कॉलेजों में सेमिनार और समाचार पत्रों और टीवी चैनलों के माध्यम से अभियान को इन पहचाने गए क्षेत्रों की ओर निर्देशित किया जा सकता है।

आगे की राह

3.12 निगम अभिनव उपायों के माध्यम से लक्षित दर्शकों को प्रासंगिक जानकारी का त्वरित प्रसार सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। यह अविश्वसनीय स्रोतों से जानकारी के प्रसार को भी कम करता है। निगम ने जमा बीमा से संबंधित सूचना के व्यापक कवरेज और प्रसार के लिए प्रमुख सोशल मीडिया चैनलों को ऑनबोर्ड करके जनता के साथ अधिक जुड़ाव की परिकल्पना की है। उन्नत उपयोगकर्ता अनुभव और खोज क्षमता के लिए डीआईसीजीसी वेबसाइट का ओवरहाल किए जाने की योजना है। आगे बढ़ते हुए, चैटबॉट जैसे एआई आधारित इंटरैक्टिव और ज्ञान साझा करने वाले प्लेटफार्मों का उपयोग सूचना के व्यापक प्रसार और जमा बीमा पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सुविधा प्रदान कर सकता है।

4 . जमा बीमा में डेपटेक /फिनटेक

4.1 जमाकर्ता बीमा प्रौद्योगिकी (जिसे डेपटेक के नाम से जाना जाता है) को जमा बीमा परिचालनों में सुधार के लिए नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के रूप में परिभाषित किया गया है। इसमें बढ़ी हुई रिपोर्टिंग प्रक्रियाएं, दावा भुगतान प्रक्रिया में सुधार और बैंक के विफल होने पर धन तक तेजी से जमाकर्ता पहुंच शामिल है। इस तरह के नवाचार जमा बीमाकर्ताओं के लिए व्यावसायिक क्षमता बढ़ाने से लेकर जमाकर्ताओं की बेहतर सुरक्षा और वित्तीय स्थिरता में योगदान

करने के अवसर पैदा करते हैं। इनमें से कुछ संभावित अनुप्रयोग हैं:

डेटा मानकीकरण

4.2 मानकीकृत डेटा सदस्य संस्थानों के डेटा को जमा बीमाकर्ता के सिस्टम के साथ संगत बनाने के लिए लागत और समय को बहुत कम कर सकता है। इससे परिचालन की बेहतर दक्षता के लिए साझा किए गए डेटा की गुणवत्ता में वृद्धि होती है, खातों के स्वामित्व के सत्यापन के समय में कमी आती है जिसके परिणामस्वरूप तेजी से भुगतान होता है, अधिक डेटा साझाकरण और नियामक एजेंसियों के बीच समन्वय आदि में सहायता मिलती है। इसके अतिरिक्त यह उन्नत डेटा रिपोर्टिंग के लिए एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) के उपयोग की सुविधा प्रदान कर सकता है।

डिजिटल भुगतान

4.3 दावों के भुगतान के लिए डिजिटल भुगतान का उपयोग जमाकर्ताओं की गैर-डिजिटल भुगतान विधियों की तुलना में, अधिक तेज़ी से अपने धन तक पहुंच सम्भव बनाता है, त्रुटियों की संभावना को कम करता है और अधिक सुविधा प्रदान करता है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/मशीन लर्निंग (एआई/एमएल)

4.4 एआई/एमएल के पास महत्वपूर्ण डेपटेक एप्लीकेशन हैं जिनमें मौजूदा डेटा के आधार पर जमा बीमा सदस्यों को जोखिम समूहों में क्लस्टर करना, जमा बीमा भुगतान, भविष्य की अत्यावश्यकताओं के लिए पूर्वानुमान लगाना और एआइ ''चैटबॉट्स" का उपयोग करके जमाकर्ताओं के साथ संप्रेषण करना शामिल है।

क्लाउड कम्प्यूटिंग

4.5 जमा बीमाकर्ता समाधान प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए क्लाउड कंप्यूटिंग पोर्टलों का उपयोग कर सकते हैं। यह बैंकों के बारे में विस्तृत (अधिक विभाजित) जानकारी संग्रहीत करने के माध्यम से किया जा सकता है, जैसे कि इनका परिसंपत्ति पोर्टफोलियो और जमाकर्ता आधार। यह बेहतर वित्तीय रिपोर्टिंग को भी सक्षम कर सकता है, रियल टाइम जानकारी सुनिश्चित कर सकता है जो पर्यवेक्षण, जमाकर्ता बीमा मूल्य निर्धारण और समाधान में सहायता कर सकता है।

न्यू मीडिया

4.6 जनता के साथ संवाद करने के तरीकों को बेहतर बनाने, विविध दर्शकों तक जल्दी पहुंचने और जन जागरूकता में सुधार करने के लिए, सोशल मीडिया, पॉडकास्ट, स्मार्टफोन एप्लिकेशन और इंटरैक्टिव प्लेटफॉर्म सहित विभिन्न उपकरणों का उपयोग किया जा सकता है। ऐसे ऍप्लिकेशनों के माध्यम से, जमा बीमाकर्ताओं के पास नई तकनीक का उपयोग करने और वित्तीय सुरक्षा कवच भागीदार के रूप में अपनी भूमिका बेहतर ढंग से करने का अवसर होता है।[16]

5. जमा बीमाकर्ताओं के लिए उभरते जोखिम- जलवायु परिवर्तन

5.1 आगे बढ़ते हुए, जमा बीमा के कार्य द्वारा फिनटेक से संबंधित बैंक उत्पादों में विकास, सोशल मीडिया में बैंकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल कवरेज, 24*7 बैंकिंग (बैंक निधियों की तेज गतिशीलता), और बैंक पोर्टफोलियो पर जलवायु परिवर्तन से संबंधित जोखिम के बीच अधिक जटिल चुनौतियों का सामना करने की संभावना है।

जलवायु परिवर्तन वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय प्रणालियों के लिए एक व्यापक जोखिम के रूप में उभर रहा है। आईएडीआई के सर्वेक्षणों के अनुसार, 60 प्रतिशत डीआई ने पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) नीतियों को औपचारिक रूप दिया है और कुछ नेटवर्क फॉर ग्रीनिंग द फाइनेंशियल सिस्टम (एनजीएफएस) के सदस्य हैं।

5.2 निगम एक व्यापक ईएसजी नीति तैयार करने में लगा हुआ है जिसमें जलवायु स्थिरता, संप्रभु ग्रीन बॉन्ड में निवेश, डिफ़ॉल्ट जोखिम पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को मापने और स्ट्रेस परीक्षण/बीमांकिक विश्लेषण[17] के माध्यम से जलवायु संबंधी चरम घटनाओं के लिए आकस्मिक योजना शामिल है। जमा बीमाकर्ताओं को ग्रीन डिपॉजिट, जलवायु जोखिम आधारित विभेदक प्रीमियम और जलवायु स्थिरता के लिए प्रत्याशित वित्त पोषण आवश्यकताओं के लिए उपयुक्त कवरेज का पता लगाने की आवश्यकता है (बॉक्स 3)। इन नई चुनौतियों के लिए वास्तविक अर्थव्यवस्था पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और बैंक पर इसके प्रभाव, बैंक पोर्टफोलियो पर वर्तमान जलवायु परिवर्तन से संबंधित जोखिम, जलवायु जोखिम मॉडलिंग और डीआई और अन्य राष्ट्रीय सुरक्षा कवच प्रतिभागियों के साथ-साथ अन्य क्षेत्राधिकारों में उन लोगों के बीच प्रभावी समन्वय और सूचना साझा करने पर डेटा उपलब्धता की आवश्यकता होगी।

[16]परिचय संक्षिप्त (भाग II) - जमा बीमाकर्ताओं के लिए अवसर (डेपटेक)। (एन.डी.)। www.iadi.org। 7 जनवरी, 2023 को https://www.iadi.org/en/assets/File/Papers/Fintech प्रतिशत से लिया गया per cent20Fintech per cent20Brief per cent208 per cent20final.pdf

[17]भारत में जमा बीमा के नए आयाम - माइकल देवव्रत पात्र, उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा दिया गया मुख्य भाषण - 14 जून, 2024 - रोम, इटली में इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डिपॉजिट इंश्योरर्स (IADI) की 79वीं कार्यकारी समिति की बैठक में।

बॉक्स 3: जलवायु जोखिम और जमा बीमा

जलवायु परिवर्तन वैश्विक अर्थव्यवस्था और विशेष रूप से बैंकिंग प्रणाली के लिए एक जोखिम के रूप में उभर रहा है। वर्ष 2023 रिकॉर्ड पर सबसे गर्म वर्ष था। 2021 में, भारत ने 2070 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के लक्ष्य की घोषणा की है।

जलवायु परिवर्तन को वित्तीय जोखिम के स्रोत के रूप में तेजी से पहचाना जा रहा है जो सामान्य रूप से वित्तीय स्थिरता और विशेष रूप से बैंकिंग प्रणाली की स्थिरता के लिए चुनौतियां पैदा कर सकता है। वित्तीय क्षेत्र के लिए जलवायु संबंधी वित्तीय जोखिम (जलवायु जोखिम) दो व्यापक तरीकों से प्रकट हो सकते हैं: (i) भौतिक जोखिमों का अर्थ है प्रतिकूल मौसम की घटनाओं और दीर्घकालिक जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप सीधे आर्थिक लागत और वित्तीय नुकसान; (ii) संक्रमण जोखिम तब उत्पन्न होते हैं जब अर्थव्यवस्थाएँ कम कार्बन गहनता वाली नीतियों और प्रक्रियाओं की ओर पुन: अभिमुखीकरण करने का प्रयास करती हैं।

अंतर्राष्ट्रीय अनुभव

कुछ जमा बीमाकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जिम्मेदारी और कॉर्पोरेट प्रशासन (ईएसजी) सहित सतत विकास के संवर्धन और वृद्धि की दिशा में कुछ पहल की हैं। एक उदाहरण सेंट्रल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (सीडीआईसी), ताइपे का है जिसने 2021 में अपने ईएसजी उद्देश्यों और व्यावसायिक रणनीतियों को तैयार किया, और अपनी वार्षिक रिपोर्ट में सतत विकास में अपने प्रदर्शन का खुलासा किया; ईएसजी से संबंधित मामलों के लिए अपनी नीति बनाने वाली संस्था के रूप में 2021 में एक स्थिरता समिति की स्थापना की; ''जवाबदेह शासन'', ''टिकाऊ पर्यावरण'', ''अनुकूल कार्यस्थल'' और ''वित्तीय समावेशन'' के चार प्रमुख लक्ष्यों को अपनाया; और अपनी पहली 2022 स्थिरता रिपोर्ट प्रकाशित की, जो भविष्य में हर साल जारी की जाएगी।

घरेलू पहल

भारत में सरकार और विनियामकों ने जलवायु जोखिम को पहचाना है और नीतिगत पहलों के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की है या सार्वजनिक टिप्पणियों के लिए चर्चा पत्र रखे हैं। भारत सरकार के आर्थिक मामलों के विभाग ने सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड के लिए फ्रेमवर्क जारी किया है। रिज़र्व बैंक ने दिनांक 27 जुलाई, 2022 का जलवायु जोखिम और सतत वित्त पर चर्चा पत्र और 28 फरवरी, 2024 का जलवायु संबंधी वित्तीय जोखिम, 2024 पर मसौदा प्रकटीकरण ढांचा, जारी किया था। आरबीआई ने दिनांक 11 अप्रैल, 2023 को ग्रीन डिपॉजिट की स्वीकृति के लिए फ्रेमवर्क भी जारी किया है। सेबी ने ''सूचीबद्ध संस्थाओं द्वारा व्यावसायिक उत्तरदायित्व और सततता रिपोर्टिंग''[18] के अंतर्गत ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक, शासन) मानदंडों पर मानकीकृत प्रकटीकरण की दिशा में भी पहल की है। स्थायी वित्त पर नियामक परिदृश्य को बदलने से जमा बीमा के कामकाज में जलवायु जोखिमों को शामिल करने का अवसर मिलता है जिसमें कवरेज स्तर, प्रीमियम, निवेश के रास्ते आदि शामिल हैं।

जबकि जमा बीमा पर जलवायु जोखिमों के प्रभाव पर अनुसंधान अपने प्रारंभिक चरण में है, जमा बीमाकर्ताओं के कामकाज पर जलवायु जोखिम से उत्पन्न कुछ पहचाने गए निहितार्थ/चुनौतियां हैं: (क) प्रीमियम और फंडिंग: जलवायु से संबंधित पर्यावरणीय जोखिमों को जमा बीमाकर्ताओं द्वारा उनकी प्रत्याशित वित्त पोषण आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए उपयोग किए जाने वाले मॉडल में शामिल किया जा सकता है। बीमित बैंकों के तुलन पत्र पर कार्बन घनत्व (ऋण पुस्तिका के कार्बन पदचिह्न) के आधार पर जलवायु जोखिम आधारित विभेदक प्रीमियम का पता लगाया जा सकता है; (ख) निवेश निधि प्रबंधन: निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) का निवेश प्रबंधन जलवायु संबंधी जोखिमों पर विचार कर सकता है। उदाहरण के लिए, तरलता और बाजार जोखिमों को ध्यान में रखते हुए, जरूरत पड़ने पर फंड की शीघ्र उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड में निवेश का पता लगाया जा सकता है; (ग) जलवायु जोखिम बैंक डिफ़ॉल्ट जोखिमों और व्यापक वित्तीय जोखिम को प्रभावित कर सकते हैं: जलवायु जोखिम, चरम परिदृश्यों में, व्यक्तिगत बैंकों के डिफ़ॉल्ट जोखिमों को प्रभावित कर सकते हैं और इस प्रकार जमा बीमाकर्ताओं को संभावित दावा भुगतान या समाधान लागत को भी; (घ) परिचालन क्षमताओं पर प्रभाव: जलवायु संबंधी चरम घटनाएं जमा बीमाकर्ताओं के मूल संचालन को बाधित कर सकती हैं। इसलिए, जमा बीमाकर्ताओं की आकस्मिक योजना को जलवायु जोखिम का उचित ध्यान रखना चाहिए; (ङ) ग्रीन डिपाजिट के लिए उच्च कवरेज स्तर: जमा बीमाकर्ता उच्च कवरेज स्तरों के माध्यम से जलवायु स्थिरता को बढ़ावा देने की संभावना का मूल्यांकन भी कर सकते हैं और जमा बीमा निधि पर इसके प्रभाव और अतिरिक्त प्रीमियम की आवश्यकता, यदि कोई हो, का आकलन कर सकते हैं

जलवायु स्थिरता वित्तीय स्थिरता को सुदृढ़ कर सकती है और जमा बीमा मेनडेट, मिशन और विजन के भीतर उपरोक्त विकल्पों का मूल्यांकन कर सकता है और भविष्य के लिए तैयार हो सकता है।

6. आगे की राह

निगम जोखिम प्रबंधन और आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों में सुधार कर रहा है, जिसमें आकस्मिक योजना और संकट प्रबंधन ढांचे शामिल हैं, जो आईएडीआई के 2020 के मार्गदर्शन पत्र" जमा बीमाकर्ताओं (डीआई) के जोखिम प्रबंधन और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली" के साथ संरेखण में है। बाहरी विशेषज्ञों के साथ बोर्ड की नवगठित जोखिम समिति के माध्यम से जोखिम शासन को मजबूत करने से जोखिम निगरानी और प्रबंधन में सुधार होगा।

जन जागरूकता अभियानों को नए सिरे से डिजाइन किया जा रहा है और अभिनव उपायों के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। स्थानीय

[18]सूचीबद्ध संस्थाओं द्वारा व्यावसायिक उत्तरदायित्व और सततता रिपोर्टिंग पर दिनांक 10 मई 2021 का सेबी परिपत्र।

संदेश 'पब्लिक ऐप' के अलावा अन्य लोकप्रिय सोशल मीडिया पर जुड़ने से हमें जमाकर्ताओं के साथ बेहतर तरीके से जुड़ने में मदद मिलेगी, विशेष रूप से पहली बार बने युवा जमाकर्ताओं के साथ। खोज क्षमता, सूचना वास्तुकला, बेहतर यूजर इंटरफेस/अनुभव, सामग्री रणनीति और उपयोगकर्ता जुड़ाव, एक प्रगतिशील वेब ऐप और इसी तरह के मामले में इसे और अधिक ग्राहक-अनुकूल बनाने के लिए वेबसाइट को ओवरहाल किया जा रहा है।

डेटा प्रबंधन, प्रक्रिया अनुकूलन, व्यापार विश्लेषण और साइबर सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के साथ बेहतरीन विपणन तकनीकों के साथ सभी कार्यों का डिजिटल परिवर्तन चल रहा है। ऑनलाइन पूछताछ और शिकायत प्रबंधन की सुविधा के लिए एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) और एआई/एमएल आधारित चैटबॉट के उपयोग के साथ-साथ मैनुअल हस्तक्षेप और विभिन्न मॉड्यूल के निर्बाध एकीकरण के बिना सीधे प्रसंस्करण के माध्यम से योजना में है। एक स्टैंडअलोन सिंगल कस्टमर व्यू एप्लिकेशन रोलआउट की प्रक्रिया में है और यह जमाकर्ताओं को दावा भुगतान के लिए डेटा गुणवत्ता में सुधार करेगा जिससे दावों के निपटान में लगने वाले समय में कमी आएगी।

निर्धारणीय जमाराशियों की गणना में डेटा विश्लेषण का उपयोग बीमित बैंकों द्वारा सही प्रीमियम भुगतान और वर्तमान दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा। इन-हाउस रिकवरी मैनेजमेंट डैशबोर्ड परिसमाप्त बैंकों (चल और अचल दोनों) की संपत्ति के विवरण की ट्रैकिंग और इन परिसंपत्तियों के निपटान के बाद परिसमाप्त बैंकों से पुनर्भुगतान को सक्षम करेगा। इससे न केवल डीआईसीजीसी को दावा भुगतान/ सांविधिक देयताओं के पुनर्भुगतान में सुधार होगा, बल्कि डीआईसीजीसी को देय राशि का पूरी तरह भुगतान किए जाने के बाद जमा बीमा सीमा (वर्तमान में ₹ 5 लाख) से अधिक जमाराशियों वाले बड़े जमाकर्ताओं को भुगतान करने में भी सुधार होगा।

3. निदेशक मंडल की रिपोर्ट

31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष हेतु निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक मंडल की रिपोर्ट

(निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के अधीन प्रस्तुत)

भाग I : परिचालन और कार्य पद्धति

31 मार्च, 2024 तक निगम के साथ पंजीकृत बीमाकृत बैंकों की संख्या 1,997 थी, जिसमें 140 वाणिज्यिक बैंक [12 लघु वित्त बैंक (एसएफबी), 6 भुगतान बैंक (पीबी), 43 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) और 2 स्थानीय क्षेत्र बैंक (एलएबी)] और 1,857 सहकारी बैंक **(परिशिष्ट सारिणी 1)** शामिल थे। पंजीकृत संस्थानों के संदर्भ में सहकारी बैंक प्रमुख बने रहे। वर्ष के दौरान 30 बैंकों का पंजीकरण रद्द किया गया, ये सभी सहकारी बैंक थे। **(परिशिष्ट सारिणी 2)**। वर्ष के दौरान, एक नए बैंक (विदेशी बैंक: नोंगह्युप बैंक) को बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकृत किया गया **(परिशिष्ट सारिणी 3)**।

I.1 निक्षेप बीमा योजना

वर्तमान में, जमा बीमा देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में सभी वाणिज्यिक बैंकों (भुगतान बैंकों, लघु वित्त बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और स्थानीय क्षेत्र के बैंकों सहित) और सहकारी बैंकों को कवर करता है।

I.1.1 बीमाकृत जमाराशियाँ

मार्च 2024 के अंत में पूरी तरह से संरक्षित खातों की संख्या 283.3 करोड़ थी (अर्थात ₹5 लाख तक जमा शेष राशि वाले खाते) और यह बैंकिंग प्रणाली में खातों की कुल संख्या (289.8 करोड़) का 97.8 प्रतिशत थी **(चार्ट 1)**। ₹94,10,674 करोड़ की बीमित जमा राशि बीमा संरक्षण के अंतर्गत कवर की गई जमा राशियों में से ₹2,18,23,481 करोड़ की निर्धारणीय जमाराशियों का 43.1 प्रतिशत है **(सारिणी 1 और परिशिष्ट सारिणी 4)**। जमा बीमा सुरक्षा के अंतर्गत आने वाली जमाराशियों में भुगतान बैंकों की उच्चतम हिस्सेदारी 99.2 प्रतिशत है इसके बाद आरआरबी 80.3 प्रतिशत, एलएबी 72.4 प्रतिशत, सहकारी बैंक 63.2 प्रतिशत, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक 48.9 प्रतिशत, एसएफबी 41.6 प्रतिशत, निजी क्षेत्र के बैंक 32.7 प्रतिशत और विदेशी बैंक की हिस्सेदारी 5.0 प्रतिशत है। **(परिशिष्ट सारिणी 5)**।

सारिणी 1: बीमाकृत जमाराशियाँ

	विवरण	निम्न तिथियों के अनुसार स्थिति	
		31 मार्च 2023	(अ) 31 मार्च 2024
1	पंजीकृत बैंकों की संख्या	2,026	1,997
2	खातों की कुल सं. (करोड़)	276.3	289.8
3	पूर्णतया संरक्षित खाते (करोड़)^	270.5	283.3
4	कुल खातों की संख्या में पूर्णत: संरक्षित खातों का हिस्सा	97.9	97.8
5	निर्धारणीय जमाराशियाँ (₹ करोड़)	1,94,58,915	2,18,23,481
6	बीमाकृत जमाराशियाँ (₹ करोड़)	86,31,259	94,10,674
7	निर्धारणीय जमाराशियों में बीमित जमाराशियों का हिस्सा	44.4	43.1

^ जमा बीमा द्वारा कवर किए गए खातों को संदर्भित करता है।

अ- अनंतिम

स्रोत: निक्षेप बीमा (डीआई) रिटर्न, डीआईसीजीसी



स्रोत: जमा बीमा (डीआई) रिटर्न, डीआईसीजीसी

I.1.2 जमा बीमा प्रीमियम

2023-24 के दौरान निगम द्वारा प्राप्त कुल प्रीमियम ₹23,879 करोड़ था, जिसमें वाणिज्यिक बैंकों का योगदान 94.40 प्रतिशत और शेष 5.60 प्रतिशत का योगदान सहकारी बैंकों का था (सारिणी 2)।

सारिणी 2 : प्राप्त प्रीमियम

(₹करोड़ में)

वर्ष	एलएबी और आरआरबी सहित वाणिज्यिक बैंक	सहकारी बैंक	कुल
2023-24	22,543	1,336	23,879
2022-23	20,104	1,277	21,381
2021-22	18,248	1,243	19,491
2020-21	16,341	1,176	17,517

स्रोत: जमा बीमा (डीआई) रिटर्न, डीआईसीजीसी

I.1.3 चूककर्ता बैंकों द्वारा देय ब्याज दर

डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 15 (3) के अनुसार, यदि कोई बीमाकृत बैंक प्रीमियम की किसी भी राशि का भुगतान करने में चूक करता है, तो उसे चूक की उस अवधि के लिए उस राशि पर बैंक दर के अतिरिक्त 8 प्रतिशत से अनधिक की दर, जैसा कि निर्धारित किया जाए, से निगम को ब्याज देना होगा **(सारिणी 3)**। 2023-24 के लिए, निगम ने बैंकों से जुर्माने के रूप में ₹0.50 करोड़ की वसूली की है।

सारिणी 3: बैंक दर और दंड स्वरूप ब्याज दर में उतार-चढ़ाव

(प्रतिशत)

से	तक	बैंक दर %	दंड स्वरूप ब्याज दर %	चूककर्ता बैंकों द्वारा देय ब्याज दर
01.04.2023	31.03.2024	6.75	8.00	14.75

स्रोत: डीआईसीजीसी

I.2 निक्षेप बीमा निधि

निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) बीमित बैंकों द्वारा भुगतान किए गए प्रीमियम और केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों[19] में निवेश पर प्राप्त कूपन आय से बनाया गया है। डीआईएफ को परिसमापकों/प्रशासकों/ अंतरिती बैंकों से की गई वसूली से भी अंतर्वाह प्राप्त होता है। इस निधि का उपयोग परिसमापन/पुनर्निर्माण/समामेलन आदि के अधीन बैंकों के जमाकर्ताओं के दावों के निपटान करने के लिए किया जाता है। 31 मार्च, 2024 तक यह निधि ₹1,98,753 करोड़ थी और आरक्षित अनुपात (आरआर)[20] 2.11 प्रतिशत **(चार्ट 2)** था।

चार्ट 2: मार्च के अंत के अनुसार निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) और आरक्षित अनुपात (आरआर)



स्रोत: जमा बीमा रिटर्न और डीआईसीजीसी के वार्षिक लेखे

I.3 निक्षेप बीमा दावों का निपटान

2023-24 के दौरान, निगम ने परिसमाप्त बैंकों, विलय की गई संस्थाओं के बैंकों और एआईडी के तहत रखे गए बीमित जमाकर्ताओं को ₹1,436.92 करोड़ की राशि के दावों का निपटान किया, जिसमें से ₹175.71[21] करोड़ परिसमाप्त और विलय किए गए बैंकों के दावों से संबंधित थे **(परिशिष्ट सारिणी 6 और चार्ट 3)** और ₹1,261.21 करोड़ एआईडी **(परिशिष्ट सारिणी 6 ए और चार्ट 3 ए)** के तहत बैंकों से संबंधित थे । वाणिज्यिक बैंकों से कोई दावा नहीं किया गया।

[19]निगम ने 1 अप्रैल, 2020 से निर्धारणीय जमा राशि पर प्रीमियम दर को 10 पैसे से बढ़ाकर 12 पैसे प्रति 100 रुपये कर दिया है।

[20]बीमाकृत जमाराशियों और डीआईएफ का अनुपात।

[21]इसमें पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड (यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के साथ समामेलन) योजना, 2022 के प्रावधानों के अनुसार निपटाए गए पीएमसीबीएल के दावे के संबंध में स्वीकृत ₹3.29 करोड़ शामिल हैं।



स्रोत: डीआईसीजीसी



स्रोत: डीआईसीजीसी

निगम के पास ₹20.30 करोड़ का प्रावधान है, जो अप्राप्य जमाकर्ताओं (दावा स्वीकृत लेकिन जमाकर्ता पता लगाने योग्य नहीं) के कारण परिसमापकों द्वारा वापस की गई राशि को दर्शाता है और भविष्य के दावों, यदि कोई हो, के निपटान के लिए अज्ञात जमाकर्ताओं के लिए ₹359.99 करोड़ का प्रावधान है । 2023-24 के दौरान 20 शहरी सहकारी बैंको के लाइसेंस रद्द किए गए। 10 बैंकों के लिए ₹ 69.82 करोड़ की आकस्मिक देयता सृजित की गई। **(परिशिष्ट सारिणी 7 और परिशिष्ट सारिणी 7ए)**।

डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 16 के तहत दावों के निपटान के संबंध में, निगम ने परिसमापक से दावे की प्राप्ति की तारीख से मंजूरी के लिए औसतन 14 दिन का समय लिया है। इसके अलावा, एआईडी के तहत बैंकों के संबंध में, निगम ने ऐसे बैंकों को एआईडी जारी करने की तारीख से जमा बीमा दावे के निपटान के लिए 90 दिनों की वैधानिक समयसीमा का पालन किया है।

I.4 निपटाए गए दावे/प्राप्त चुकौतियाँ

जमा बीमा की शुरुआत के बाद से 31 मार्च 2024 तक ₹295.9 करोड़ की संचयी राशि का भुगतान किया गया है जिसमें 27 वाणिज्यिक बैंकों के दावों के लिए ₹10,670.43 करोड़ - जिसमें त्वरित नीति के तहत 11 यूसीबी के लिए ₹128.27 करोड़ का निपटान शामिल है - 374 परिसमाप्त सहकारी बैंकों के दावों के लिए (वर्ष के दौरान निपटाए गए ₹175.71 करोड़ सहित) **(चार्ट 4 - 5ए, परिशिष्ट सारिणी 8 और 8बी)** और एआईडी के तहत रखे गए 57 सहकारी बैंकों के दावों के लिए ₹5,359.27 करोड़ का भुगतान किया गया है **(चार्ट 5ए और परिशिष्ट सारिणी 8ए)**।

बैंकों के परिसमापक/हस्तांतरिती से प्राप्त संचयी पुनर्भुगतान कुल मिलाकर ₹5661.07 करोड़ है। सहकारी बैंकों के मामले में, परिसमापक/हस्तांतरिती बैंकों से संचयी पुनर्भुगतान कुल मिलाकर ₹5,503.53 करोड़ (सहकारी और परिसमाप्त एआईडी बैंक) है, जिसमें वर्ष 2023-24 के दौरान प्राप्त ₹760.83 करोड़ शामिल हैं, जबकि एआईडी बैंकों के मामले में, वर्ष 2023-24 के दौरान प्राप्त कुल संचयी पुनर्भुगतान कुल मिलाकर ₹139.90 करोड़ है। इस प्रकार, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान निगम को प्राप्त कुल पुनर्भुगतान ₹900.73 करोड़ है **(चार्ट 4)** ।

वाणिज्यिक बैंकों के परिसमापक/हस्तांतरिती से प्राप्त संचयी पुनर्भुगतान कुल मिलाकर ₹157.54 करोड़ है। वर्ष 2023-24 के दौरान वाणिज्यिक बैंकों से कोई वसूली प्राप्त नहीं हुई।

चार्ट 4: 31 मार्च 2024 तक भुगतान किए गए दावों तथा वसूली की संचयी राशि



स्रोत: डीआईसीजीसी



स्रोत: डीआईसीजीसी



स्रोत: डीआईसीजीसी

I.5 कोर्ट–मामले

31 मार्च, 2024 तक, विभिन्न राज्यों और अन्य में लंबित निगम की जमा बीमा गतिविधि से संबंधित अदालती मामलों की संख्या *31 मार्च*, 2023 को 56 की तुलना में 61 थी। वर्ष के दौरान 4 मामले बंद कर दिए गए, जबकि 9 नए मामले दर्ज किए गए। निगम सभी 9 नए दायर मामलों में पक्षकार या प्रतिवादी है।



स्रोत: डीआईसीजीसी

I.6 ऋण गारंटी योजनाएं

वर्तमान में निगम द्वारा कोई भी ऋण (क्रेडिट) गारंटी योजना नहीं चलाई जा रही है। 2003-04 के बाद किसी गारंटी दावे पर गारंटी शुल्क प्राप्त नहीं हुआ तथा किसी दावे का भुगतान नहीं किया गया। लघु ऋण गारंटी योजना, 1971 (एसएलजीएस 1971) के अंतर्गत निगम के प्रत्यासन अधिकार के आधार पर पिछले वर्ष के ₹2.61 लाख की तुलना में वर्ष 2023-24 के दौरान ₹0.2 लाख की वसूली प्राप्त हुई। लघु ऋण गारंटी योजना, 1981 के तहत कुल पुनर्भुगतान पिछले वर्ष के दौरान प्राप्त ₹शून्य की तुलना में कुल ₹शून्य रहा ।

भाग II : अन्य महत्वपूर्ण पहलें/प्रगति

II.1 डीआईसीजीसी अधिनियम – वित्तीय सुरक्षा कवच

भारत में, सितंबर 2021 में डीआईसीजी अधिनियम में संशोधन ने जमाकर्ताओं को बैंक के परिसमापन से पहले तक समयबद्ध पहुंच प्रदान करने में सक्षम बनाया है। डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 18ए के प्रावधानों के अनुसार, जब भी किसी बैंक को एआईडी के तहत रखा जाता है, तो निगम के लिए अपेक्षित है कि बैंक के जमाकर्ताओं के दावों को एआईडी लागू होने की तारीख से 90 दिनों की अवधि के भीतर निपटाए। अधिनियम में संशोधन के बाद से, 31 मार्च, 2024 तक, निगम ने 3,76,661 जमाकर्ताओं के लिए ₹5,359.27 करोड़ के दावों का निपटान किया है। ऐसे सभी दावा भुगतानों में, शामिल बैंक एफसी (वित्तीय सहकारी समितियाँ) थे जिनकी अधिकांश शाखाएँ ग्रामीण क्षेत्रों में थीं। इस प्रकार, अपने स्वयं के धन तक समय पर पहुंच और जमाराशियों की सुरक्षा ने बैंकिंग क्षेत्र में विश्वास को मजबूत करने में मदद की है। इस सिद्धांत का एक अच्छा पुष्टिकारक उदाहरण यह हो सकता है कि प्रश्नगत एफसी में जमा राशि तक जमाकर्ताओं की पहुँच रोके जाने के बावजूद समान क्षेत्रों में स्थित समान एफसी का कोई रन-ऑन नहीं देखा गया।

II.2 वसूली प्रबंधन से संबंधित उपाय:

एआईडी के तहत सभी बैंक जिनके लिए धारा 18ए के तहत दावों का निपटारा किया गया है, उन्हें सूचित किया गया है कि 31 दिसंबर, 2022 के बाद शुरू होने वाली पांच समान किश्तों में निगम को चुकौती करें। महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश राज्यों में परिसमापन के अधीन विभिन्न यूसीबी के परिसमापकों के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं ताकि उन्हें उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में संवेदनशील बनाया जा सके। डीआईसीजीसी के साथ महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, गुजरात, आंध्र प्रदेश राज्यों के सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार (सीआरसीएस) और सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार (आरसीएस) का सम्मेलन आयोजित किया गया। डीआईसीजीसी से संबंधित विभिन्न पहलुओं अर्थात - दावा सूची समय पर जमा करने के लिए परिसमापक और सांविधिक लेखा परीक्षकों की समय पर नियुक्ति, अवितरित धनराशि और डीआईसीजीसी को बकाया राशि के पुनर्भुगतान की चुनौतियों पर व्यापक चर्चा की गई।

II.3 संचार नीति और रणनीति

निगम की संचार नीति आईएडीआई कोर सिद्धांत 10 की सिफारिशों के अनुरूप बोर्ड के अनुमोदन से तैयार की गई है। इस सिद्धांत के अनुसार जमाकर्ताओं की सुरक्षा और वित्तीय स्थिरता में योगदान देने के लिए यह आवश्यक है कि जनता को जमा बीमा प्रणाली के लाभों और सीमाओं के बारे में निरंतर जानकारी दी जाए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), डीआईसीजीसी और बाहरी संचार विशेषज्ञों के सदस्यों के साथ एक तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) बनाई गई है जिसका उद्देश्य निगम के लिए संचार रणनीति को आगे बढ़ाना है।

डीआईसीजीसी वेबसाइट के अलावा, निगम महत्वपूर्ण जानकारी की अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं, हिंदी और अंग्रेजी में दावों के निपटान के संबंध में सार्वजनिक जागरूकता संदेश और जानकारी पोस्ट करने के लिए एक स्थानीय मैसेजिंग ऐप का उपयोग कर रहा है। वर्ष के दौरान सभी बीमाकृत बैंकों को 01 सितंबर, 2023 से अपने वेब पेज पर डीआईसीजीसी लोगो और क्यूआर कोड को प्रमुखता से प्रदर्शित करने के लिए सूचित किया गया था। इस पहल का उद्देश्य जमाकर्ताओं को यह सुनिश्चित करने में सक्षम बनाना है कि उनकी जमा राशि डीआईसीजीसी द्वारा संरक्षित है या नहीं। परिसमाप्त बैंकों और एआईडी के अंतर्गत बैंक के जमाकर्ताओं को दावा निपटान के प्रत्येक चरण यानी दावे की प्राप्ति और दावे की मंजूरी पर एसएमएस सूचना भेजी जा रही है।

निगम अपने जन जागरूकता अभियानों के माध्यम से जमा बीमा और डीआईसीजीसी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आरबीआई के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। निगम का विचार है कि व्यापक कवरेज और जनता तक प्रासंगिक जानकारी के प्रसार के लिए अतिरिक्त सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से जनता के साथ अधिक जुड़ाव किया जाए। बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव के लिए डीआईसीजीसी वेबसाइट का ओवरहाल करने की योजना है।

II.4 जोखिम प्रबंधन

पोर्टफोलियो आकार और ट्रेजरी संचालन की जटिलता में कई गुना वृद्धि के साथ, निगम के ट्रेजरी संचालन की व्यापक समीक्षा करने के लिए एक जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया गया था ताकि इसकी उभरती जरूरतों को पूरा करने में इसे और अधिक मजबूत और कुशल बनाया जा सके। समिति ने तरलता और ब्याज दर जोखिमों के प्रबंधन, डीलिंग संचालन के लिए भौतिक बुनियादी ढांचे, एमआईएस आवश्यकताओं और जोखिम प्रबंधन प्रथाओं सहित पहलुओं पर विचार-विमर्श किया और एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति की सिफारिशों की जांच की गई है और उनका कार्यान्वयन किया गया है और इसके कार्यान्वयन की स्थिति की निरंतर आधार पर निगरानी की जाती है।

भाग III: लेखा-विवरण

